Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 12 | सोमवार, 12 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### देश में विभिन्न अवसरों का लाभ उठाने की अपील की

# भारत में राजनीतिक स्थिरता, दुनिया की उम्मीदें हमसे लगातार बढ़ रहीं : पीएम मोदी

**अहमदाबाद।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज भारत में राजनीतिक स्थिरता है जबकि दुनिया बड़ी अनिश्चितता महसूस कर रही है। दुनिया की अर्थव्यवस्था का आंकलन करने वाली एजेंसियां भी बता रही हैं कि भारत तरक्की की राह पर है। जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिकी बन जाएंगे।

उन्होंने निवेशकों से देश में विभिन्न अवसरों का लाभ उठाने की अपील की। मोदी ने कहा कि जब उन्होंने राजकोट, मोरबी और जामनगर के मिनी जापान बनने की संभावना जताई थी, तब उनका मजाक उड़ाया गया था लेकिन आज यह साकार होता नजर आ रहा है। मोदी राजकोट में वाइब्रेंट गुजरात रीजनल समिट (वीजीआरसी) को संबोधित कर रहे थे। भारत ने बहुत तेजी से प्रगति की है और गुजरात ने इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है और जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वे दशार्ते हैं कि दुनिया की अपेक्षाएं भारत से लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग व निवेशक गुजरात में टिकने को तैयार नहीं थे। आज के युवाओं को तीन दशक पूर्व के गुजरात की कहानियां तो पता है लेकिन उन्हें नहीं पता कि पीने के पानी के लिए भी लोगों को भटकना पड़ता था। गुजरात में आज पेरिस से पांच गुना बड़ा 30 गीगावाट का ग्रीन एनर्जी पार्क बन रहा है। भारत से दुनिया की उम्मीद लगातार बढ़ती जा रही है, पहले हम विदेश में बने मोबाइल पर निर्भर थे लेकिन आज दुनिया में दूसरे बड़े मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन गए हैं। भारत सबसे बड़ा कृषि उत्पादक, दुग्ध उत्पादक होने के साथ इंटरनेट के उपभोग व यूपीआइ ट्रांजेक्शन में दुनिया में नंबर एक पर है। दुनिया में सबसे अधिक वैक्सीन का उत्पादन करने वाला देश भारत है। जबकि इसका मेट्रो नेटवर्क दुनिया के शीर्ष तीन नेटवर्क में शामिल हैं। इसलिए मैं बार-बार कहता हूं कि यह समय है और यह देश और दुनिया के हर निवेशक के लिए इन अवसरों का लाभ उठाने का सही समय है। मोदी ने कहा कि आइएमएफ जैसी दुनिया की अर्थव्यवस्था को मापने का काम करने वाली एजेंसियों भी भारत के विकास की सराहना कर रही हैं।



उन्होंने कहा कि सौराष्ट्र और कच्छ केवल अवसरों के क्षेत्र नहीं हैं, बल्कि भारत की वृद्धि के लिए एक एंकर क्षेत्र बन गए हैं। इस समिट में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, रिलायंस समूह के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, सांसद परिमल नथवाणी व रिलायंस समूह के उपाध्यक्ष धनराज नथवाणी के अलावा देश व दुनिया के करीब पांच हजार उद्यमी शामिल हुए। इनमें साढ़े तीन सौ विदेशी निवेशक भी शामिल हैं। मोदी ने वीजीआरसी से पहले राजकोट में मारवाड़ी विश्वविद्यालय में एक व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, वीजीआरसी में 16 देशों के 110 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ 1,500 से अधिक समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

## अमेरिका में खामेनेई सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में घुसा ट्रक, कई लोगों को रौंदा

**नई दिल्ली।**




अमेरिका के लॉस एंजिल्स एक चौंकाने वाली घटना घटी, यहां ईरानी प्रदर्शनकारियों को सपोर्ट देने के लिए जमा भीड़ में एक शख्स ने ट्रक घुसा दिया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। तेज रफ्तार ट्रक ने प्रदर्शन स्थल पर अचानक हमला कर दिया, जिसके बाद कुछ लोगों ने गाड़ी का पीछा किया। हालांकि, इस दौरान किसी व्यक्ति को गंभीर चोट लगी या नहीं, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। फिलहाल, ड्राइवर की गिरफ्तारी के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने बताया कि पैरामेडिक्स टीम ने दो व्यक्तियों की जांच की, लेकिन दोनों ने किसी भी प्रकार के इलाज से इनकार कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब सैकड़ों लोग ईरान के धार्मिक शासन के खिलाफ चल रहे आंदोलन का समर्थन करने के लिए एकत्रित हुए थे। बता दें ईरान में अभी विरोध प्रदर्शन जारी है। 2022 के बाद से यह सबसे बड़ा विरोध आंदोलन है, जो शुरू में बढ़ती महंगाई के खिलाफ उठा था। लेकिन जल्द ही यह हिंसक झड़पों में बदल गया। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, इस अशांति के कारण अब तक 500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

### करूर भगदड़ मामला

## टीवीके प्रमुख विजय आज सीबीआई के सामने होंगे पेश



**नई दिल्ली।**

तमिलनाडु के करूर में मची भगदड़ के मामले में टीवीके प्रमुख और एक्टर विजय करूर दिल्ली में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) के सामने पेश होने वाले हैं। इस हादसे में 41 लोगों की जान चली गई थी। यह भगदड़ पिछले साल 27 सितंबर को विजय की एक बड़ी राजनीतिक रैली में हुई थी, जो तमिलनाडु के हाल के राजनीतिक इतिहास की सबसे घातक भीड़ दुर्घटनाओं में से एक थी। इस घटना की जांच में कई कानूनी मोड़ आए हैं। शुरूआत में मद्रास हाई कोर्ट ने इस त्रासदी की वजहों की जांच के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई थी।

### दम घुटने से नहीं हुई थी बेंगलुरु की सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में एक हफ्ते पहले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने किराए के घर में मृत पाई गई थी। अब जांचकताओं ने खुलासा किया है कि 18 साल के एक लड़के ने उसके साथ यौन संबंध बनाने की कोशिश की थी, जिसका विरोध करने पर उसने उसे मार डाला गया। 34 साल की शर्मिला डीके 3 जनवरी को मृत पाई गई थी। एक्सेंचर में काम करने वाली यह टेक कर्मचारी राममूर्ति नगर के सुब्रमण्य लेआउट में किराए के अपार्टमेंट में रहती थी। शुरू में शक था कि आग लगने के बाद दम घुटने से उसकी मौत हुई है लेकिन अब पुलिस ने उसके मर्डर का खुलासा किया है। शव मिलने के बाद पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194(3)(५) के तहत अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की और जांच शुरू की। जांच के दौरान साइंटिफिक तरीकों और टेक्निकल सबूतों का इस्तेमाल करके पुलिस ने आरोपी की पहचान की। उसका नाम करनाल कुरई है, जो पीड़ित के घर के बगल वाले घर में रहता था पूछताछ करने पर कुराई ने कथित तौर पर अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि वह 3 जनवरी को रात करीब 9 बजे एक स्लाइडिंग खिड़की से महिला के घर में सेक्शुअल फेवर लेने के इरादे से घुसा था।

### कर्नाटक में दुष्कर्म और वीडियो प्रसारित करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के हुबली में दो लोगों ने 35 वर्षीय एक महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद घटना की तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन प्रसारित कर दिए। पुलिस ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपितों और इसका वीडियो प्रसारित करने वाले तीसरे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला की हालत स्थिर है। हुबली-धारवाड़ पुलिस आयुक्त एन शशि कुमार ने बताया कि यह घटना नौ जनवरी को रात 11:30 बजे से आधी रात के बीच हुई। महिला को आंबेडकर ग्राउंड से एक ऑटो-रिक्शा में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों व्यक्तियों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

## इंदौर में दूषित पेयजल से मौतों का सिलसिला जारी, हुई 22वीं मौत

**नई दिल्ली।**

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से मौतों का सिलसिला जारी है। रविवार को 22वीं मौत सामने आई। एमवाय अस्पताल के आईसीयू में भर्ती भागीरथपुरा निवासी 59 वर्षीय कमला बाई ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बता दें कि दूषित पेयजल से यहां 3300 से अधिक लोग बीमार हुए हैं। इनमें से कई लोग अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं। मकान मालिक मनोज कुमार के अनुसार, कमला बाई करीब एक माह पहले ही पति तुलसीराम के साथ उनके यहां किराये से कमरा लिया था। दोनों पति-पत्नी मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे थे। छह जनवरी को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। स्वजन ने उन्हें संजीवनी क्लीनिक में दिखाया। प्राथमिक उपचार व दवाइयां देकर वहां से घर भेज दिया गया।



### 'राज्य के लोग डीएमके शासन से असंतुष्ट'

## दो दिन के दौरे पर तमिलनाडु पहुंचे नितिन नवीन



**नई दिल्ली।**

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु के लोग डीएमके सरकार की प्रशासनिक विफलताओं से असंतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त और समृद्ध तमिलनाडु के दृष्टिकोण को हर घर और हर मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नवीन तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने पेरूर पटीश्वरार मंदिर और प्रसिद्ध मरुधमलाई मुरुगन मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। उनके साथ भाजपा तमिलनाडु अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, पूर्व भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई और अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर लिखा, ह्लआज की शुरूआत पवित्र पेरूर पटीश्वरार मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। अपनी समृद्ध विरासत, भव्य वास्तुकला और शांत वातावरण के साथ यह प्राचीन शिव मंदिर श्रद्धा से भर देता है और मन को शांति प्रदान करता है। भगवान शिव हम सभी को आशीर्वाद दें और हमें धर्म के मार्ग पर मार्गदर्शन करें।" उन्होंने मंदिर दर्शन की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

## भारत पहुंचे जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज

**नई दिल्ली।**

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज सोमवार को अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुं गए हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान रणनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा क्षेत्रों में सहयोग को लेकर बातचीत हो सकती है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 12 से 13 जनवरी तक दो दिवसीय यात्रा की शुरूआत में अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। प्रधानमंत्री मोदी आज बाद में अहमदाबाद में चांसलर मर्ज से मिलेंगे। कार्यक्रम में सुबह करीब 9:30 बजे साबरमती आश्रम का जॉइंट दौरा शामिल है, जिसके बाद लगभग 10 बजे साबरमती रिवरफ्रंट पर इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बातचीत सुबह 11:15 बजे महात्मा मंदिर में शुरू होगी, जहां दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल बातचीत करेंगे।




# उत्तर भारत में शीतलहर का अलर्ट

**नई दिल्ली।**

12 जनवरी को उत्तरी भारत में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) ने भविष्यवाणी की है कि कुछ इलाकों में तापमान गिरकर दो डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में कड़ाके की ठंड की स्थिति से रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट आने की उम्मीद है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने इस शीतलहर के व्यापक असर की पुष्टि की है। विभाग का कहना है, ₹उत्तर की शीतलहर गुजरात के कच्छ, पश्चिम में पंजाब और राजस्थान तक पहुंच रही है।

इससे विजिबिलिटी कम हो सकती है, जिससे गाड़ी चलाना मुश्किल हो सकता है और बिजली की लाइनें भी ट्रिप हो सकती हैं। जहां उत्तर भारत इस शीतलहर से कांप रहा है, वहीं दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों, जैसे तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में बादल छाए रहने की उम्मीद है। अभी की ठंड की लहर से आगे देखते हुए, स्काईमेट वेदर ने ग्लोबल मौसम पैटर्न में बदलाव का अनुमान लगाया है। चल रही ला नीना की स्थिति 2026 की शुरूआत में खत्म होने की संभावना है। इस बदलाव से इस साल के आखिर में मानसून के मौसम के दौरान अल नीनो की वापसी हो सकती है, जिससे पूरे उपमहाद्वीप में बारिश के पैटर्न पर असर पड़ेगा।



## संपादक की कलम से

# 500 फीसदी टैरिफ लगा, तो


ललित शर्मा
संपादक

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक साथ कई मोर्चे खोल लिए हैं। वह क्यूबा, कोलंबिया, ग्रीनलैंड सरीखे छोटे देशों को बंधक बना कर अमरीका के उपनिवेश बनाने पर आमादा हैं, लिहाजा वेनेजुएला की तरह हमले की धमकियां दे रहे हैं। ईरान के चारों ओर भी अमरीकी विमान, युद्धपोत आदि मंडरा रहे हैं, घातक डेल्टा फोर्स को भी तैनात करने की खबरें हैं। हालांकि अमरीका जानता है कि ईरान कमजोर देश नहीं है। ईरान एक सैन्य ताकत है। वह परमाणु सम्पन्न मिसाइलों से अमरीका के वाशिंगटन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों पर विनाशक हमले करने में सक्षम है। अमरीकी सीनेट ने बहुमत से राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, जिसके साफ मायने हैं कि अमरीकी संसद की अनुमति के बिना ट्रंप किसी भी देश पर हमला नहीं कर सकते अथवा युद्ध में जाने का सेनाओं को आदेश नहीं दे सकते। फिर भी राष्ट्रपति ट्रंप दुनिया को अलग-अलग मोर्चों पर धमकाने, हडकाने में जुटे हैं। ये अर्द्ध-तानाशाही के संकेत हैं। उन्होंने रूस पर प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दी है, जो इसी सप्ताह संसद के पटल पर पेश किया जा सकता है। यदि यह बिल पारित हो गया, तो आर्थिक अराजकता का माहौल बनना तय है। बिल में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि जो भी देश रूस से तेल, गैस और अन्य उत्पादों की खरीद करेगा, अमरीका उस पर 500 फीसदी का टैरिफ थोप सकता है। यानी उन देशों का जो भी माल अमरीकी बाजार में आएगा, उस पर 500 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। राष्ट्रपति ट्रंप की कुटिल निगाहें भारत, चीन, ब्राजील पर हैं। भारत ने बीते चार साल में रूस से 1.73 लाख करोड़ रुपए का कच्चा तेल खरीदा है। भारत अब भी अपनी जरूरतों का 30-32 फीसदी तेल रूस से ही खरीदता है। चीन तो 48 फीसदी तक तेल रूस से खरीदता है। रूस से सबसे अधिक पाइपलाइन गैस की खरीद यूरोपीय संघ के देश करते हैं। अमरीका भी सबसे अधिक यूरेनियम रूस से ही खरीदता है। उन पर प्रतिबंध क्यों नहीं हैं? यूरोपीय देशों पर 500 फीसदी तक के टैरिफ की धमकियां क्यों नहीं दी जातीं? जापान, दक्षिण कोरिया, तुर्किए पर भारत से बहुत कम टैरिफ क्यों है? भारत-अमरीका में जो व्यापार-समझौता होना था, वह इसलिए खटाई में पड़ गया, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। नतीजतन अमरीका ने इंडोनेशिया, वियतनाम, फिलीपींस के साथ व्यापार-करार कर लिए। अमरीका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक का यह बयान हास्यास्पद लगता है, क्योंकि 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की 8 बार फोन पर बातचीत हुई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि भी की है। बहरहाल मुद्दा 500 फीसदी टैरिफ का है। भारत पर फिलहाल 50 फीसदी टैरिफ चस्पा है, जिसके कारण हमारा निर्यात बहुत प्रभावित हुआ है। हमारी आर्थिक विकास दर, अंतत:, 7 फीसदी से अधिक रहेगी, इसी पर संतुष्ट होना नुकसानदेह है। यदि 500 फीसदी टैरिफ थोप दिया गया, तो अमरीकी बाजार में भारत की औसतन कमीज 5400 रुपए से अधिक की पड़ेगी, जो अभी 1352 रुपए की है। भारत से कपड़े और रेडीमेड वस्त्र का बड़ा हिस्सा अमरीका जाता है। यदि भारतीय कपड़े इतने महंगे पड़ेंगे, तो खरीददार दूसरे देशों का रुख कर सकते हैं। इस अकेले उदाहरण से ही समझा जा सकता है कि भारतीय उत्पादन पर कितना असर पड़ेगा और कितनी नौकरियां खत्म होंगी! भारत को दुनिया की फार्मेसी कहते हैं, क्योंकि हम सबसे अधिक, गुणवत्तापूर्ण दवाओं का उत्पादन करते हैं।

## कविता

### विधान में करो सुधार

**उदय किशोर साह**



सुख गर ना दे सका तो दु:ख भी ना देना
भूखे बचपन की बद्दुंआ भी ना तुँ लेना
अपने विधान में कर लो आज से सुधार
हे प्रभु हर मानव पर हो तेरा समान उपकार

कदम कदम पे पथ में ठोकर तुमने है बनाया
पाँव को चौटिल कर दु:ख में घाव दिलवाया
क्यूं ऐसी तेरी बन गई जग पे नापाक विचार
हे प्रभु हर मानव पर हो तेरा समान उपकार

सज्जन के संग संग तुमने दुर्जन को बनाया
बात बात में साधु के संग में विवाद भी कराया
क्यूँ सिखलाया तुँ ऐसी ओछी सी संस्कार
हे प्रभु हर मानव पर हो तेरा समान उपकार

दौलतमंद के घर पे पुन: दौलत को बरसाया
दीन गरीब को दबंग के हाथों से उजड़वाया
जगवाले के संग क्यूं तेरी ऐसी हो गई व्यवहार
हे प्रभु हर मानव पर हो तेरा समान उपकार

पत्थर दिल शैतान को अवतरण कराया
नरम दिलवाले को नाहक में तड़पाया
क्यूँ करता है तुँ ऐसी जगत में घृणित व्यापार
हे प्रभु हर मानव पर हो तेरा समान उपकार

# नक्सलवाद फ्री इंडिया@2026 के बाद ड्रग फ्री इंडिया @2029: भारत की आंतरिक सुरक्षा, युवा भविष्य और वैश्विक जिम्मेदारी का निर्णायक चरण




वैश्विक स्तरपर भारत ने पिछले एक दशक में आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर जिस प्रकार का निर्णायक बदलाव देखा है, वह न केवल राष्ट्रीय राजनीति बल्कि अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक समुदाय के लिए भी अध्ययन का विषय बन गया है। नक्सलवाद, जिसे लंबे समय तक भारत की सबसे गंभीर आंतरिक सुरक्षा चुनौती माना गया, उसके विरुद्ध 31 मार्च 2026 तक समाप्ति का लक्ष्य तय कर जिस तरह ठोस, बहु-स्तरीय और निरंतर अभियान चलाया गया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, संस्थागत समन्वय और सुरक्षा बलों की पेशेवर क्षमता के साथ असंभव माने जाने वाले लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। इसी आत्मविश्वास के साथ भारत सरकार अब दूसरी, कहीं अधिक जटिल और वैश्विक जड़ों वाली चुनौती, ड्रग्स और नशा तस्करी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के चरण में प्रवेश कर चुकी है। ड्रग फ्री इंडिया @2029 का लक्ष्य केवल एक सरकारी नारा नहीं, बल्कि भारत की आने वाली पीढ़ियों सामाजिक स्थिरता और आर्थिक क्षमता को सुरक्षित रखने की एक व्यापक राष्ट्रीय रणनीति है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अब प्रतिक्रियात्मक नीति से आगे बढ़कर समयबद्ध, परिणाम- आधारित और मिशन मोड में काम करने में सक्षम है।दशकों तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में समानांतर सत्ता,हिंसा,विकास अवरोध और मानवाधिकार संकट की स्थिति बनी रही। परंतु पिछले वर्षों में सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण, खुफिया तंत्र की मजबूती, स्थानीय विकास योजनाओं और राजनीतिक संकल्प ने इस चुनौती की कमर तोड़ दी। यही मॉडल अब ड्रग्स के खिलाफ अपनाने की तैयारी है लेकिन अंतर यह है कि नशा केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बहुआयामी संकट है। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा इसे नार्को- टेरर की संज्ञा देना इस खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है, क्योंकि ड्रग्स का पैसा आतंकवाद संगठित अपराध और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पोषित करता है।ड्रग फ्री इंडिया @2029 का लक्ष्य इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि यह पहली बार है जब भारत ने नशा मुक्त समाज की दिशा में एक स्पष्ट समय-सीमा, संस्थागत रोडमैप और बहु- विभागीय उत्तरदायित्व तय किया है। साथियों बात अगर हम नई दिल्ली में आयोजित एनकोर्ड की 9वीं उच्च स्तरीय बैठक को समझने की करें तो,यह इसी रणनीतिक बदलाव का प्रतीक है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा हाइब्रिड मोड में आयोजित इस बैठक में केंद्र सरकार के मंत्रालयों,राज्य सरकारों और ड्रगकानून प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी ने यह संदेश दिया कि यह लड़ाई किसी एक एजेंसी या राज्य की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की साझा जिम्मेदारी है।बैठक का मुख्य उद्देश्य केवल आंकड़ों की समीक्षा नहीं, बल्कि नशा तस्करी नेटवर्क और गैंग को जड़ से तोड़ने, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और भविष्य की तकनीकी चुनौतियों से निपटने की रणनीति तैयार करना था।ड्रग्स के खिलाफ इस नए अभियान की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसका 360- डिग्री दृष्टिकोण है।पारंपरिक रूप से ड्रग्स को सीमा सुरक्षा या पुलिसिंग की समस्या के रूप में देखा जाता रहा है, लेकिन अब इसे एक पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में समझा जा रहा है, जहां उत्पादन,तस्करी,फाइनेंसिंग तकनीक उपभोक्ता मांग और सामाजिक कमजोरियां आपस में गहराई से जुड़ी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा सभी विभागों को 2029 तक का स्पष्ट रोडमैप और समयबद्ध निगरानी तंत्र तैयार करने का निर्देश इसी सोच को दर्शाता है। यह स्पष्ट किया गया है कि केवल ड्रग्स पकड़ना पर्याप्त नहीं,बल्कि पूरे नेटवर्क, किंगपिन,फाइनेंसर,लॉजिस्टिक्स हवाला चैनल और डिजिटल प्लेटफॉर्म,को ध्वस्त करना लक्ष्य होना चाहिए।डार्कनेट क्रिप्टोकरेंसी और डिजिटल भुगतान जैसी नई तकनीकों ने ड्रग्स के व्यापार को पहले से कहीं अधिक जटिल बना दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग माफिया अब पारंपरिक तस्करी मार्गों के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं,जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। इसी कारण एनकोर्ड बैठक में डार्कनेट और अवैध डिजिटल लेन-देन पर विशेष जोर दिया गया। यह संकेत है कि भारत की रणनीति केवल वर्तमान खतरों तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग, साइबर फॉरेंसिक्स और वित्तीय खुफिया इकाइयों की भूमिका इस अभियान में निर्णायक होगी। साथियों बात अगर हम ड्रग्स की समस्या को समझने की करें तो, केंद्रीय गृह मंत्री ने सही ही कानून -व्यवस्था से अधिक नार्को-टेरर और आने वाली नस्लों को बर्बाद करने के षड्यंत्र के रूप में परिभाषित किया है।नशा केवल अपराध नहीं बढ़ाता,बल्कि युवाओं के स्वास्थ्य,मानसिक क्षमता, उत्पादकता और सामाजिक मूल्यों को भी नष्ट करता है। जब किसी देश की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आती है,तो उसका सीधा असर आर्थिक विकास, नवाचार क्षमता और सामाजिक स्थिरता पर पड़ता है। भारत जैसे युवा आबादी वाले देश के लिए यह खतरा और भी गंभीर है। इसलिए ड्रग फ्री इंडिया @2029 का लक्ष्य वस्तुतः भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को सुरक्षित रखने की रणनीति भी है।31 मार्च 2026 के बाद शुरू होने वाला तीन वर्षीय सामूहिक अभियान इस रणनीति की रीढ़ होगा। इसमें नशे के खिलाफ सभी स्तंभों,कानून प्रवर्तन, खुफिया,वित्तीय जांच, सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य सेवाएं और पुनर्वास की भूमिका स्पष्ट रूप से परिभाषित की जाएगी। लक्षांक तय कर उनकी समयबद्ध समीक्षा होगी, ताकि यह अभियान केवल घोषणाओं तक सीमित न रह जाए। यह दृष्टिकोण नक्सलवाद केखिलाफ अपनाई गई रणनीति से मिलता-जुलता है, जहां नियमित समीक्षा और परिणाम-आधारित मूल्यांकन ने सफलता सुनिश्चित की। साथियों बात अगर हम ड्रग फ्री इंडिया अभियान का तीन सूत्रीय प्लान ऑफ एक्शन को समझने की करें तो इस पूरी रणनीति को व्यवहारिक आधार देता है।पहला सप्लाई चेन के खिलाफ सामूहिक और रूथलेस अप्रोच, अर्थात ड्रग्स के उत्पादन, तस्करी और वितरण के हर चरण पर बिना किसी नरमी के कार्रवाई। दूसरा, डिमांड रिडक्शन के लिए स्ट्रेटेजिक अप्रोच,यानी नशे की मांग को कम करने के लिए शिक्षा, जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी और सामाजिक हस्तक्षेप। तीसरा, हार्म रिडक्शन के लिए ह्यूमन अप्रोच,जिसमें नशे के आदी लोगों को अपराधी नहीं, बल्कि उपचार और पुनर्वास की आवश्यकता वाले व्यक्ति के रूप में देखा जाए। यह संतुलित दृष्टिकोण अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप है और इसे भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक परिस्थितियों के अनुसार ढाला गया है।ड्रग्स के व्यापार में किंगपिन, फाइनेंसर और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क की भूमिका को केंद्र में लाना इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक शिफ्ट है। अतीत में अक्सर छोटे तस्करों या उपभोक्ताओं पर कार्रवाई तक सीमित रहकर बड़ी मछलियां बच निकलती थीं। अब स्पष्ट किया गया है कि समीक्षा का मुख्य मुद्दा यही होगा कि ड्रग्स के पीछे खड़े आर्थिक और संगठित ढांचे को कितना नुकसान पहुंचाया गया। हवाला और अवैध वित्तीय लेन-देन की जांच इसीलिए प्राथमिकता में है, क्योंकि पैसा ही ड्रग्स और आतंक के गठजोड़ को जीवित रखता है। साथियों बात अगर हम फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के बेहतर उपयोग और समय पर चार्जशीट दाखिल कर सजा की दर बढ़ाने पर दिया गया जोर को समझने की करें तो,यह दशार्ता है कि सरकार केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि न्यायिक परिणामों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। भारत में ड्रग्स मामलों में लंबे समय तक चलने वाले मुकदमे और कम सजा दर एक बड़ी चुनौती रही है। यदि जांच, फॉरेंसिक साक्ष्य और अभियोजन मजबूत हों, तो न केवल दोषियों को सजा मिलेगी, बल्कि निवारक प्रभाव भी पड़ेगा। टॉप-टू-बॉटम और बॉटम-टू-टॉप अप्रोच का उल्लेख इस बात का संकेत है कि पूरे नेटवर्क की जांच में किसी भी स्तर को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। साथियों बात कर हम ड्रग्स के खिलाफ भारत की मौजूदा मुहिम के आंकड़े इस अभियान की गंभीरता और उपलब्धियों दोनों को दशार्ते हैं, इसको समझने की करें तो 2004 से 2013 के बीच जहां लगभग 40 हजार करोड़ रुपये मूल्य की 26 लाख किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई थी, वहीं 2014 से 2025 के दौरान यह आंकड़ा बढ़कर 1 लाख 71 हजार करोड़ रुपये मूल्य की 1 करोड़ 11 लाख किलोग्राम तक पहुंच गया।यह केवल तस्करी में वृद्धि का संकेत नहीं, बल्कि कानून प्रवर्तन की क्षमता, खुफिया तंत्र और अंतर-एजेंसी समन्वय में आए व्यापक सुधार को भी दशार्ता है।सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ अभियान को उत्साहजनक बताना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र भविष्य में सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा है।ड्रग्स के डिस्पोजल में 11 गुना वृद्धि और अफीम की फसल नष्ट करने के आंकड़े भी इस अभियान की गहराई को दशार्ते हैं। 2020 में जहां 10,770 एकड़ भूमि पर अफीम की फसल नष्ट की गई थी, वहीं नवंबर 2025 तक यह आंकड़ा 40 हजार एकड़ तक पहुंच गया। यह संकेत है कि सरकार केवल तस्करी के अंतिम चरण पर नहीं, बल्कि स्त्रोत स्तर पर भी निर्णायक कार्रवाई कर रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स नियंत्रण में सोर्स कंट्रोल को सबसे प्रभावी रणनीतियों में माना जाता है, और भारत इस दिशा में स्पष्ट प्रगति कर रहा है।


गोदिया

## इंडेन गैस एजेंसी हल्दौर द्वारा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** इंडेन गैस एजेंसी हल्दौर के संचालक पूर्व सैनिक मुनेश कुमार द्वारा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत सरकार के नियम अनुसार लाभार्थी महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन जिसमें एक गैस चूल्हा, एक भरा हुआ सिलेंडर, एक रेगुलेटर एवं एक गैस पाइप वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री मनोज डागर, पूर्व सैनिक यशपाल सिंह, पूर्व सैनिक अरविंद कुमार लंबा, समस्त स्टाफ एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य- हाजी मो. नजीर



**संतकबीरनगर।** विगत वर्षों की भांति इस बार भी जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद नजीर ने अपने आवास पर बढ़ती ठण्ड, गलन को देखते हुए गरीबों, असहायों में कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य है। समाज के हर व्यक्ति को चाहिए कि वह अपनी क्षमता के अनुसार मदद करें तभी समाज में बेहतरी आ सकती है। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मद अकरम नजीर, मुहम्मद परवेज अख्तर, मु. कलीम, मो. रशीद, मुश्ताक अली, मोहम्मद तव्वाब, बदरूद्दोजा, सैयद शफीकुर्रहमान, नजरूल हसन अंसारी आदि मौजूद रहे।

## सांसद खेल स्पर्धा योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन


**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, खेल भवन, लखनऊ के निदेर्शों तथा जिलाधिकारी, बिजनौर के आदेश के अनुपालन में ह्यसांसद खेल स्पर्धा योजना के अन्तर्गत जनपद बिजनौर में विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशी की जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि उक्त प्रतियोगिताएं दिनांक 12 एवं 13 जनवरी 2026 को नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में सम्पन्न होंगी, जिसके सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, बैडमिन्टन, भारोत्तोलन, कुश्ती एवं फुटबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## रटने से ज्यादा समझने और सटीक जानकारी देने पर आधारित है सामाजिक विज्ञान: अब्दुस्सलाम

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होने जा रही है। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों पर भारी दबाव होता है एक तरफ परीक्षा की तैयारी तो दूसरी तरफ अभिभावकों और शिक्षकों की उम्मीदें, ऐसे समय तैयारी को लेकर विद्यार्थी किस तरह से अध्ययन करें। इस बारे में दैनिक वेलकम इंडिया ने एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के शिक्षक अब्दुस्सलाम ने सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि सामाजिक विज्ञान रटने के बजाय समझें, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करें, मानचित्रों और महत्वपूर्ण तिथियों/अवधारणाओं पर पकड़ बनाएं, और परीक्षा में उत्तरों को सही तरीके से प्रस्तुत करें (हेडिंग्स, पॉइंटर्स), क्योंकि यह रटने से ज्यादा समझने और सटीक जानकारी देने पर आधारित है।

## विवेक विश्वविद्यालय में चल रही नेशनल स्पीड हैंडबाल बॉल चेम्पयिनशिप का हुआ समापन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में चल रहे नेशनल स्पीड हैंडबाल बॉल चेम्पयिनशिप 2025 का महिला एवं पुरुष वर्ग दोनो में दिल्ली ने अपनी बादशाहत दिखाते हुये चैम्पयनशिप अपने नाम की। फाइनल में महिला वर्ग में दिल्ली ने हरियाणा को 13-08 से परास्त किया वही पुरुष वर्ग में दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश को 15-13 से पराजित किया। तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में विवेक विश्वविद्यालय एकेडमी एवं महिला वर्ग मे छत्तीसगढ रहा। मैन आफ द टुनार्मेंट उत्तर प्रदेश टीम हर्ष यादव रहे। वूमेन आफ द टुनार्मेंट दिल्ली टीम की तनिषा रही। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे विवेक विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल, स्पीड हैडबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव अमित मान, स्पीड हैडबाल फेडरेशन उत्तर प्रदेश के सचिव विवेक गिरि, स्पीड हैडबाल फेडरेशन संस्थापक सदस्य पप्पल गोस्वामी, प्रोचांसलर दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष डी के अग्रवाल, कुलपति प्रोफेसर एन के गुप्ता, कुलसचिव डॉ हितेश शर्मा, आदि के द्वारा संयुक्त रुप से टीमों को पुरुष्कृत कर किया गया। इस अवसर पर अमित गोयल ने सभी विजयी खिलाडियो को शुभकामनाऐ देते हुये कहा कि खेल भावना खेल में महत्वपूर्ण होती है जो अनुशासन और संयमित होकर खेलते है विजयी होते है। हार जीत खेल का हिस्सा होते है। नेशनल हैंड बाल के सचिव मान सिंह ने कहा कि फेडरेशन का उददेश्य गावों में छिपी प्रतिभा को खोजना है हमारा देश आने वाले समय में सबसे ज्यादा पदक लाने वाला बनेगा। कुलपति एन के गुप्ता ने कहा कि जनपद बिजनौर में विवेक विश्वविद्यालय नेशनल चेम्पयिनशिप का आयोजन किया जाना जनपद बिजनौर के लिए सम्मान की बात है। भविष्य मे विश्वि्वद्यालय अन्य राष्ट्रीय स्तर के खेलो को बिजनौर में आयोजित करायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विश्वविद्यालय के कीड़ाधिकारी डॉ मुकुल कुमार, डॉ राजीव चैधरी, डॉ दीप्ती डिमरी, डॉ एस, के त्यागी, डॉ सर्वेश शीतल, डॉ सौरभ शर्मा, डॉ देबाशाीष, डॉ हर्ष, डॉ संजय त्यागी, डॉ मीना, डॉ रिजवान, पंकज त्यागी एवं सभी प्रवक्ताओं का विशेष सहयोग रहा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# शाहपुर जमाल में महिला सशक्तिकरण की बड़ी पहल, विदुर ब्रांड शुद्ध पेयजल व गृह सुरक्षा उत्पाद प्लांट का भव्य उद्घाटन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर अफजलगढ़। विकासखंड अफजलगढ़ की ग्राम पंचायत शाहपुर जमाल में रविवार को महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। हैप्पी होम स्वयं सहायता समूह द्वारा स्थापित विदुर ब्रांड शुद्ध पेयजल एवं गृह सुरक्षा उत्पाद प्लांट का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक के प्रतिनिधि एवं ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली ने की। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) इकबाल अहमद ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एनआरएलएम, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना, पीएम सूर्य घर योजना, वर्मी कंपोस्ट, कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार ने महिलाओं से स्वदेशी विदुर ब्रांड के उत्पादों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएंगे। वही खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह ने ग्राम में समूह की महिलाओं के लिए शीघ्र बहुउद्देश्यीय कार्यशाला स्थापित करने का आश्वासन दिया, जिससे महिलाएं गांव में ही अपने उत्पादों का निर्माण कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। साथ ही उन्होंने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सभी सरकारी योजनाओं को ग्राम स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में जिला महिला कल्याण अधिकारी रविता राठी ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुए विदुर ब्रांड उत्पादों के उपयोग व प्रचार-प्रसार की अपील की तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

# एस आई आर पर विधानसभा नजीबाबाद में विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** विधानसभा नजीबाबाद के समस्त शक्ति केंद्र संयोजको मंडल पदाधिकारी की एक विशेष कार्यशाला का आज आयोजन ब्लॉक नजीबाबाद के चौधरी चरण सिंह सभागार में किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देसवाल ने सभी पदाधिकारी/ कार्य कताओं में संबोधित करते हुए सभी को विस्तार पूर्वक फॉर्म 6 फॉर्म 7 फॉर्म 8 व सभी बूतों पर उपलब्ध मतदान सूचियां का मिलान करने का आग्रह किया साथ ही साथ किस प्र कार फॉर्म 6 फॉर्म 7 फार्म 8 भरे जाएंगे उनका भी विस्तृत प्रशिक्षण कराया उन्होंने बताया बुथों पर उपलब्ध मतदान सूचियां में नाम भारी मात्रा में एक बूथ से दूसरे बूथ पर भेजे गए हैं जिनका मिलान कर वापस मूलबूथ पर भेजने हेतु प्रयास करना है बैठक में उपस्थित श्री मुकुल रंजन दीक्षित द्वारा अपने अनुभव के अनुसार सभी कार्यकताओं को समझाया गया बूथ अध्यक्ष रावत जी द्वारा विस्तृत रूप से सभी को समझाया गया अन्य कई वक्ताओं द्वारा बताया गया ब्लॉक प्रमुख द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह समय वोट बनवाने का है यदि इस समय हम लोग सफल रहे तो पिछले काफी समय से चल रहे हैं गतिरोध को तोड़ते हुए इस बार विधानसभा चुनाव नजीबाबाद जितना संभव होगा जिससे अटल जी का वक्तव्य अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा कमल खिलेगा हमारे विधानसभा में भी मूर्त रूप ले सकेगा इसके साथी उन्होंने सभी को बूतों पर कार्य करने की शपथ भी दिलाई बैठक में मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष कमल सैनी मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र राजपूत पूर्व मंडल अध्यक्ष जिग्नेश कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष आर्य वीरेंद्र शर्मा महिपाल सिंह राजवीर चौहान मुकुल रंजन दीक्षित संजीव राठी सचिन देशवाल आदि 150 कार्यकताओं ने भाग लिया

## चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर** नजीबाबाद मंडावली थाना क्षेत्र में वाहन चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति जहूर हसन पुत्र ईलमदीन निवासी गुज्जर बस्ती गैडीं खाता थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड) को एक बिना नम्बर प्लेट मोटरसाईकिल सहित रोककर उक्त मोटरसाईकिल के रजिस्ट्रेशन नम्बर के बारे में ई-चालान ऐप पर चैक किया गया तो उक्त मोटरसाईकिल स्पलैण्डर प्लस का रजिस्ट्रेशन संख्या ऊछ5रइळ1692 पाया गया जिसके वाहन स्वामी का नाम जितेन्द्र कुमार पुत्र काली चरण निवासी वी-709, गली नं0-10, विजय पार्क नोर्थ ईस्ट, डी0एल0-110053 है। वाहन स्वामी से फोन पर वार्ता की गयी तो वाहन स्वामी द्वारा बताया गया की उसका बेटा लक्ष्य सिडकुल हरिद्वार में नौकरी करता है दिनांक 10.09.2025 को यह मोटर साईकिल किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके बेटे के अपार्टमेंट के सामने से ही चोरी कर ली थी। जिस सम्बन्ध मे उसके बेटे लक्ष्य ने चोरी की आनलाईन ऋकफ की थी। थाना मंडावली पुलिस ने बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्त जहूर हसन पुत्र ईलमदीन को गिरफ्तार किया गया तथा बाइक सहित 40-40 लीटर के दूध के चार खाली डिब्बों को कब्जे में लिया गया और अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

# मेहनत मजदूरी करके पत्नी को पढ़ाया-लिखाया, जब पत्नी बनी दरोगा, तो दिखाए अजब गजब तेवर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** हाफिजगंज थाने में तैनात महिला दरोगा पायल रानी का दहेज उत्पीड़न मामला अब महज एफआईआर तक सीमित नहीं रहा। पति और ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज होते ही सोशल मीडिया से लेकर पुलिस महकमे तक हलचल मच गई है। पति की ओर से लगाए गए आरोपों और जवाब में दरोगा पायल रानी की दलीलों ने मामले को हाई-वोल्टेज टकराव में बदल दिया है। दरोगा पायल रानी ने 13 नवंबर 2025 को हापुड़ के पिलखुवा थाना क्षेत्र के गांव पूठा हुसैनपुर निवासी पति गुलशन और ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप है कि 10 लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। एफआईआर में पति गुलशन के साथ पिता नरेंद्र कुमार, मां गीता, बड़े भाई कमल, भाभी कोमल, बहन सलोनी, पायल व बहनोई रिंकू के नाम भी शामिल हैं। दूसरी तरफ, पति गुलशन ने परिजनों के माध्यम से एसपी को पत्र देकर दहेज केस को फर्जी बताया। उसका दावा है कि 2 दिसंबर 2022 को शादी हुई, दोनों 2016 से परिचित थे और 2021 में कोर्ट मैरिज भी कर चुके थे। आरोप लगाया गया कि उसने मजदूरी करके पत्नी को पढ़ाया-लिखाया और दरोगा बनने के बाद पायल रानी के तेवर बदल गए। पति के आरोपों पर दरोगा पायल रानी ने सीधा और कड़ा जवाब दिया। उनका कहना है कि वे दिल्ली पुलिस की तैयारी कर रही थीं और दिल्ली पुलिस में चयन भी हो चुका था। ससुराल पक्ष को नौकरी लगते ही कार और कैश की उम्मीद जगी; पर जब मांग पूरी नहीं हुई तो ट्रेनिंग के बाद से 10 लाख का लोन लेने और कार खरीदने का दबाव बनाया जाने लगा। दरोगा का यह भी कहना है कि हर महीने का वेतन पति के खाते में ट्रांसफर किया गया है और इसके रिकॉर्ड मौजूद हैं। आरोप लगाया कि अब जानबूझकर पुराने फोटो-वीडियो वायरल कर सहानुभूति बटोरने की कोशिश हो रही है। पायल रानी ने अपने पारिवारिक बैकग्राउंड का ज़िक्र करते हुए कहा कि उनके पांच बहन-भाई हैं। बड़ी बहन बीए-एमए-बीएड, दूसरी शिक्षिका, छोटी बहन यूपी पुलिस में कांस्टेबल है। स्वयं उन्होंने एसएससी जीडी, रेलवे ग्रुप-डी, एलआईसी एडीओ/एएओ, एफसीआई, आरआरबी जेई, लोको पायलट, यूपी टेट और दिल्ली पुलिस जैसी परीक्षाएं सफलतापूर्वक पास कीं। उन्होंने ट्यूशन पढ़ाकर पढ़ाई पूरी की और उनके पढ़ाए छात्र भी पुलिस में चयनित हुए। हापुड़ के एसपी ज्ञानंजय सिंह के अनुसार, पीड़िता की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी की जांच जारी है। जांच में दोष सिद्ध होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इस प्रकरण ने कामकाजी महिलाओं और शादी के बाद रिश्तों के बदलते समीकरणों पर बहस को फिर हवा दे दी है। पिछले वर्ष ज्योति मौर्या प्रकरण के बाद बरेली एक बार फिर सोशल मीडिया ट्रायल के केंद्र में है। जहां दहेज, काबिलियत और पारिवारिक आरोप-प्रत्यारोप आमने-सामने हैं।

## गीता भवन मंदिर में माघ मास में चल रही माघ महात्म्य गौ कथा



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर** नजीबाबाद रविवार को नगर के मौहल्ला स्थित गीता भवन मंदिर में माघ मास में चल रही माघ महात्म्य गौ कथा में कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री जी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माघ मास में संगम में डुबकी लगाने से व्यक्ति की आध्यात्मिक शुद्धि होती है और नकारात्मकता का अंत होता है। कथा में उन्होंने पृथ्वी द्वारा गाय रूप में श्री कृष्ण को पुकारने की कथा सुनाई गई। उन्होंने बताया कि पृथ्वी ने अत्यधिक अधर्म और दैत्यों के अत्याचार से त्रस्त होकर गाय का रूप धारण किया और करुण स्वर में रंभाते हुए ब्रह्मा जी की शरण में जाकर प्रार्थना की, जिसके फलस्वरूप भगवान श्री कृष्ण ने पृथ्वी के भार को हरने के लिए द्वापर युग में वसुदेव के पुत्र के रूप में अवतार लिया और कंस सहित समस्त राक्षसों का विनाश कर पृथ्वी को भयमुक्त किया। तथा कथा के दौरान कथावाचक पंडित भोले शंकर शास्त्री ने गौ माता की सेवा के महत्व पर जोर दिया। आरती उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

## बुलेट बाइक के साइलेंसर से निकली पटाखे की आवाज, 20 हजार रुपये जुमार्ना

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को चेकिंग अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीमों ने पांच भारी वाहनों को सीज कर दिया। इसके अलावा 40 वाहनों का चालान भी काटा गया। बुलेट बाइक में पटाखा साइलेंसर लगा मिलने पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया और चालक का ड्राइविंग लाइसेंस जब्त कर लिया गया। अभियान के दौरान रविवार को बहेड़ी में मुंडिया टोल प्लाजा पर पीटीओ रमेश चंद्र प्रजापति के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। पीटीओ ने बताया कि उत्तराखंड की ओर से आ रही एक बुलेट बाइक के साइलेंसर से पटाखा की आवाज आ रही थी। चेकिंग दल के सदस्यों ने बाइक को रोक लिया। जांच की गई तो बाइक का साइलेंसर बदला मिला, एक्सेसलेटर बढ़ाने पर इस बदले साइलेंसर से आग के गोला के साथ पटाखे की आवाज आती मिली। माप में ध्वनि की तीव्रता निर्धारित मानक से काफी अधिक पाई गई। निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने पर बाइक चालक पर 20 हजार रुपये जुमार्ना लगाने के साथ चालक का ड्राइविंग लाइसेंस भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य स्थानों पर अभियान के दौरान पांच वाहनों को सीज भी किया गया है।

## भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने दिया वर वधू को आशीर्वाद देकर सुखद वैवाहिक जीवन की कामना

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** खुर्जा में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने दिया बड़ा बयान।किसान जमीन से नफरत कर रहा है किसानों को जमीन से नफरत नहीं करनी चाहिए। जमीन घाटे का सौदा नहीं है दिल्ली की कलम बेईमान है राकेश टिकैत किसानों को एमएसपी नहीं मिल रही है बिचौलिया किसानों से सस्ते दामों पर फसल खरीदकर महंगी बेचते हैं राकेश टिकैत ने कहा है कि संगीत सोम पर अतुल प्रधान के आरोप सही, मीट खाने वाले मीट का विरोध कर रहे हैं और पार्टनरशिप भी कर रहे हैं वर्तमान की राजनीतिक पर दी प्रतिक्रिया बोले जातिवाद धर्मवाद भाषा वाद की राजनीति है और ये बढ़ेगी हमें इसे रोकना है। हम जोड़ने का काम करते हैं तोड़ने का नहीं सरकार काट पीट का काम कर रही है समाज में कंपटीशन हो तो एजुकेशन का हो हैल्थ का हो अपने बच्चों को पढ़ाओ।

## 231 वोटों से अर्जुन सैनी बने सह सचिव प्रशासन, दोनों भाइयों को मिली बड़ी जीत

**हापुड़** संगठन/संस्था के चुनाव में अर्जुन सैनी ने सह सचिव (प्रशासन) पद पर शानदार जीत दर्ज की। अर्जुन सैनी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सरफराज अली को 231 वोटों के अंतर से पराजित कर यह सफलता हासिल की। इस जीत पर समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल रहा।चुनाव परिणाम घोषित होते ही दोनों विजयी भाइयों को जीत की बहुत-बहुत बधाई दी गई। वक्ताओं ने कहा कि दोनों भाई लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं और आगे भी समाजहित में इसी प्रकार कार्य करते रहेंगे। जीत के बाद अर्जुन सैनी ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

# धर्मांतरण, जनसंख्या कानून और बांग्लादेशी घुसपैठ पर डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने बोला हमला

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने बरेली में पत्रकारों से वार्ता के दौरान धर्मांतरण, जनसंख्या नियंत्रण कानून और बांग्लादेशी घुसपैठ जैसे संवेदनशील मुद्दों पर तीखे और स्पष्ट बयान दिए। उन्होंने बांग्लादेश समेत कई देशों में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों को गंभीर और मानवता को शर्मसार करने वाला बताया। डॉ. तोगड़िया ने कहा कि कई देशों में दिनदहाड़े हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं, बहन-बेटियों के साथ अमानवीय अत्याचार हो रहे हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि यह केवल किसी एक देश की नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर हिंदुओं की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह अमेरिका ने नाइजीरिया में ईसाइयों पर हमलों के बाद सैन्य कार्रवाई की, उसी तरह भारत सरकार को भी विश्वभर में हिंदुओं की रक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। धर्मांतरण के मुद्दे पर चिंता जताते हुए डॉ. तोगड़िया ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में हिंदुओं का जबरन या प्रलोभन देकर ईसाई और मुस्लिम समुदायों में धर्मांतरण कराया जा रहा है। उन्होंने इसे समाज के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि जहां भी ऐसी घटनाएं हों, वहां हिंदू समाज को एकजुट होकर विरोध करना चाहिए और अपनी संस्कृति व पहचान की रक्षा करनी चाहिए। जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर उन्होंने कहा कि एक देश में दो तरह के कानून नहीं चल सकते। डॉ. तोगड़िया ने आरोप लगाया कि हिंदुओं के दो से अधिक बच्चे होने पर कई सरकारी सुविधाएं बंद कर दी जाती हैं, जबकि अन्य समुदायों पर ऐसे नियम समान रूप से लागू नहीं होते। उन्होंने मांग की कि जनसंख्या नियंत्रण कानून सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू किया जाए। उनके अनुसार, कानून लागू होने के एक वर्ष बाद यदि किसी परिवार में निर्धारित सीमा से अधिक बच्चे जन्म लेते हैं, तो उस परिवार को सरकारी योजनाओं, सरकारी स्कूलों में प्रवेश, सरकारी नौकरियों और अन्य सुविधाओं से वंचित किया जाना चाहिए। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर डॉ. तोगड़िया ने कहा कि 1991 की मतदाता सूची को आधार बनाकर व्यापक जांच होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि यदि ईमानदारी और सख्ती से जांच की जाए, तो अवैध घुसपैठ की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। अंत में उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद हिंदुओं की सुरक्षा, अधिकारों और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी और किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त लाठी व ईंट बरामद

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बाबूगढ़ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित/नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी व ईंट भी बरामद की गई है। थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण किया गया

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 06.01.2026 को जनपद की समस्त 07 विधान सभाओं में मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन करा दिया गया है। आयोग द्वारा दिये गये निदेर्शों के कम में आज दिनांक 11.01.2026 को जनपद की 07 विधानसभाओं में 3031 मतदेय स्थलों पर सम्बन्धित बी०एल०ओ० द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़ा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण किया गया। समस्त बीएलओ को निर्देशित किया गया कि वे अपने मतदेय स्थल से सम्बन्धित मतदाता सूची का परीक्षण कर लें तथा मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने के सम्बन्ध में उसके संशोधन हेतु फार्म-8 भरवाकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। समस्त बीएलओ को निर्देशित किया गया कि वे अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को नये मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने हेतु फार्म-6 भरवाना सुनिश्चित करें, तथा मतदाता सूची में किसी मृतक/शिफ्टेड/डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम के विलोपन हेतु फार्म-7 भरवाकर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त कोई भी मतदाता वोटर हेल्प लाइन ऐप एवं वेबसाइट के माध्यम से भी फार्म 6,7 एवं 8 में आवेदन कर सकते हैं। समस्त मतदाताओं से अपील की जाती है कि वे आलेख्य निर्वाचक नामावली में अपने तथा अपने परिवारीजन के नाम को चैक कर लें। उक्त हेतु समस्त मतदाता उनके बीएलओ के पास उपलब्ध मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं अथवा पर जाकर ।

## सडक सुरक्षा अभियान के दृष्टिगत यातायात पुलिस द्वारा चलाया गया चैकिंग अभियान

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** दिनांक 01.01.2026 से 31.12.2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आज दिनांक 11.01.2026 को एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न हाईवे मार्गों पर ओवर स्पीड से चलने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा के अंतर्गत वाहन चलाने, सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा अन्य यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट वितरित कर आमजन को जागरूक किया गया तथा वाहन चालकों से अपील की गई कि वे स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करें।

# युवाओं में बढ़ रहे हैं सड़न कार्डियक अरेस्ट, बुजुर्गों तक नहीं रही दिल की बीमारी-रामवीर सिंह तोमर

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** एक समय था जब गांव देहातों में कार्डियक अरेस्ट, हर्ट अटैक जैसी बीमारियों का कोई नाम तक नहीं जानता था लेकिन हाल के सालों से देखने में आ रहा है कि सडन कार्डिएक अरेस्ट से मौतें बहुत ज्यादा होने लगीं हैं। नवंबर 25 में हमारे 33 साल के युवा बेटे राहुल तोमर की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। बेटा एक मल्टीनेशनल कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। यह कोई पहली घटना नहीं जब एक उच्च शिक्षित युवक को कार्डियक अरेस्ट ने लील लिया। हालत ये हैं कि नौजवान चपेट में आ रहे हैं जो गंभीर चिंता की बात है।

युवा सदस्य की अचानक मृत्यु से परिवार घहरे सदमे में जा रहे हैं।कमाने वाले युवा की अचानक मौत से आर्थिक समस्याएं खड़ी हो रही हैं तो परिवारों की दैनिक जीवन और जिम्मेदारियों में एक बड़ा शून्य पैदा हो रहा है। वेदांता ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन के बेटे की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई है। उनका बेटा भी केवल 49 साल था। जो लोग रेगुलर जिम जाते हैं और व्यायाम आदि कर रहे हैं वे भी इससे नहीं बच पा रहे हैं। हाल के वर्षों में फिट दिखने वाले लोग अचानक दिल का दौरा पड़ने से जान गंवा रहे हैं। यह स्थिति इस धारणा को पूरी तरह तोड़ती है कि हृदय रोग केवल बुजुर्गों की बीमारी है, बढ़ते मामले बता रहे हैं कि हृदय रोग अब केवल उम्र से जुड़ी समस्या नहीं रहा। इसके पीछे कई वैज्ञानिक, जीवनशैली और सामाजिक कारण हैं, जिसको तत्काल कदम उठाकर रोकने और कम करने की आवश्यकता है।

इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि श्रमरहित अनियमित जीवनशैली, स्ट्रेस और लंबे कार्य घंटेः मल्टीनेशनल कंपनियों में कार्य दबाव, अनियमित नींद दिल पर सीधा असर डाल रहे हैं। इसके अलावा बाहर का तला-भुना भोजन, अधिक नमक/शुगर और जंक फूड़, नशा भी हृदय के लिए गंभीर जोखिम बन रहा है। विशेषज्ञों का ये भी कहना है कि जिम जाना दिल की सुरक्षा की गारंटी नहीं है। अत्यधिक भारी वेट ट्रेनिंग, स्टेरॉयड युक्त प्रोटीन पाउडर और बिना मेडिकल जांच और एक्सपर्ट के भारी भरकम वर्कआउट दिल पर अचानक दबाव डालते हैं। गांव देहातों में बुजुर्ग बताते हैं कि वे श्रम बहुत करते थे। सुबह जल्दी जागकर सारे काम खुद ही करते थे। मोटा खाना मोटा पहनना था। दलिया का गुड़ से नाश्ता, देशी चना जौ गेहूं और बाजरा को मिलाकर सिलबट्टे की चटनी से घी लगाकर कर रोटी खाते थे।

> आजकल सिलवट्टे की जगह मिक्सी, साइकिल की जगह कार, सीढ़ियों की जगह लिफ्ट ने ले ली है। ऐसे तमाम रोजमर्रा के मुद्दे हैं जो हमारी हेल्थ को काफी प्रभावित कर रहे हैं. शरीर से कसरत न के बराबर रह गई है, फिर चाहे वह युवाओं की बात हो या स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों की। कार्डियक अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर मैंने अपने कई पुराने सीनियर डॉक्टरों से बात की तो उनका कहना है कि हमें शरीर और स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा संजीदगी बरतनी होगी। अपनी लाइफस्टाइल को संयमित, शांत और व्यवस्थित रखे। समय पर खाने में हरी सब्जियां, मोटा अनाज खाना खाएं। जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड की जगह घर का दूध प्रोटीन युक्त भोजन लें। नियमित व्यायाम करें। संयमित, शांत, सादा जीवन बिताएं, स्ट्रैस को दूर रखने की कोशिश करें, ईर्ष्या-द्वेष से दूर अच्छा सोचें, और रोजाना पूरी नींद लें, अपने इष्ट का ध्यान करें।

# चौमुहां नगर पंचायत में अलाव के इंतजाम धड़ाम, पुल के नीचे खानापूर्ति कर प्रशासन ने झाड़ा पल्ला

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/चौमुहां।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में शीतलहर ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पारा गिरने के साथ ही आम आदमी ठिठुरने को मजबूर है। प्रदेश सरकार द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर पुख्ता इंतजाम और अलाव जलाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं, लेकिन नगर पंचायत चौमुहां में इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

नगर पंचायत क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था कोसों दूर नजर आ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन केवल औपचारिकताएं पूरी करने में जुटा है। पूरे कस्बे को दरकिनार करते हुए केवल चौमुहां पुल के नीचे नाममात्र का अलाव जलाकर इतिश्री कर ली जाती है। कस्बे के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों, जैसे मुख्य बाजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप, पसौली चौराहा, परखम चौराहा, बालाजी मंदिर और प्रमुख चौराहों पर लोग ठिठुरने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। राहगीरों और दिहाड़ी मजदूरों का कहना है कि शाम ढलते ही हाड़ कपा देने वाली ठंड शुरू हो जाती है, ऐसे में अलाव ही एकमात्र सहारा होता है। लेकिन नगर पंचायत की लापरवाही के कारण गरीब और बेसहारा लोग खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को विवश हैं। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। स्थानीय निवासी रामहेत मैथिल, चैचू पहलवान, कालू जगन्नाथ सिंह का कहना है कि यदि जल्द ही कस्बे के मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो वे उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत करेंगे। ईओ आरके मिश्र ने बताया अलाव की उचित व्यवस्था है। अलाव के लिए चौराहों पर लकड़ियां वितरित कराई जा रही हैं।

# बाल ज्योति पब्लिक स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**गाजियाबाद** जनपद गाजियाबाद के लाल कुआँ स्थित बाल ज्योति पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जहां बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह यादव, अध्यक्ष बाल ज्योति पब्लिक स्कूल और विशिष्ट अतिथि कृष्ण यादव, चेयरपर्सन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने संस्कृत श्लोक, देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की प्रस्तुति पर अभिभावकों और अतिथियों ने खूब तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे परिसर में उत्सव का माहौल दिखाई दिया। इस अवसर पर अनुज कुमार यादव, डायरेक्टर बाल ज्योति पब्लिक स्कूल, सुनीता वर्मा, प्रधानाचार्य तथा वैशाली शर्मा, वाइस प्रिंसिपल की गरिमामयी उपस्थिति रही।ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी होते हैं। इससे उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आती है।

कार्यक्रम के अंत में शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद और संस्कारों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# मंडलायुक्त ने जनपद मथुरा की सदर तहसील के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद की सभी विधानसभाओं के मतदेय स्थलों पर दिनांक 11 जनवरी 2026 को मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। उक्त मेगा कैंप में बीएलओ द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया गया तथा फार्म- 6, 7 व 8 प्राप्त किए गए मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद मथुरा की सदर तहसील के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर उपस्थित बीएलओ को प्रेरित किया तथा निर्देश दिए कि उक्त कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करते हुए शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना सुनिश्चित करे जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने किशोरी रमण इंटर कॉलेज (बालक) में स्थापित मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के समक्ष बीएलओ द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर आम जनमानस को सुनाया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा एक बुजुर्ग महिला का फॉर्म 6 भरवाया गया तथा ठंड के दृष्टिगत उसे कम्बल भी वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने केंद्र पर उपस्थित विभिन्न बीएलए को प्रोत्साहित किया तथा कहा कि आप सभी के सहयोग से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 सरलता एवं सुगमता से संपादित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही है।

आप सभी अपने अपने क्षेत्रों का अधिकाधिक भ्रमण कर उक्त कार्य को पूर्ण कराए। शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के मदद करे। जनपद में आयोजित सभी मेगा कैम्प में बीएलओ, समस्त बीएलए (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल), सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल, नगरीय क्षेत्रों में संबंधित नगर निकाय के क्षेत्रीय कर्मचारी जैसे टैक्स कलेक्टर, सैनेटरी इंस्पेक्टर, सफाई नायक, सफाई कर्मी, पार्षद इत्यादिं।

# श्रीमद भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की त्रिवेणी संगम है - हरिओम थापक

**वेलकम इंडिया**

**झाँसी** - बालाजी रोड स्थित किडजी स्कूल के सामने आयोध्या पुरी कॉलोनी में सुंदरकांड महिला सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा रस वर्षण में समस्त भक्तों ने ज्ञान, भक्ति, वैराग्य सहित राजा परीक्षित के जन्म कर्म की कथा श्रवण की। सर्वप्रथम वैदिक आचार्यो द्वारा कलश पूजन एवं भागवत पूजन मुख्य परीक्षित श्रीमती शशि सतीश कुमार गुप्ता ने किया व उसके पश्चात कथा श्रवण कराते हुए मुख्य कथा व्यास राष्ट्रीय कथावाचक पूज्य आचार्य पं.हरिओम थापक जी महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की त्रिवेणी संगम है। कलयुग में श्रीमद भागवत साक्षात श्री हरि का रूप है। भागवत कथा के श्रवण करने मात्र से प्राणी का कल्याण हो जाता है व्यक्ति भवसागर के पार हो जाता है भागवत से भक्ति एवं भक्ति से शक्ति की प्राप्ति होती है और जन्म जन्मांतर के सारे विकार नष्ट होते है व समस्त मनोकामनाए पूर्ण हो जाती है। व कार्यक्रम में साध्वी आस्था व्यास ने भी पूजन-अर्चन व आरती की तथा इस अवसर पर मुख्य रूप से सुनीता शर्मा, शांति थापक, सुधा खरे, निशा चतुवेर्दी, गणेश खरे, डॉ.प्रदीप पांडे, पुरुषोत्तम गुप्ता, आनंद पांडे, नीरज श्रीवास्तव, सुरेंद्र शर्मा, प्रदीप उपाध्याय, अनिल श्रीवास्तव, हरिशंकर कुशवाहा, आलोक चतुवेर्दी, राजेन्द्र मिश्रा, सजल शर्मा, कैलाश नारायण शर्मा, जितेंद्र सिंह राजावत, अंकुश सोनी गरौठा, अमरदीप, देशदीप थापक, दीपचंद्र, सोनू महाराज सहित आदि माताएं-बहने भक्तगण उपस्थित रहे व कार्यक्रम का संचालन पं.सियारामशरण चतुवेर्दी ने किया व अंत मे आभार ज्ञापन पं.आलोक चतुवेर्दी ने किया।

# जाड़े के चलते अनवरत चाय बिस्किट बांटने का कार्य कर रहा सनशाइन

**झांसी!** सनशाइन क्लब झांसी के तत्वावधान में अर्चना - अनूप बिन्दल के संयोजन में निरन्तर चाय व बिस्किट बांटने का कार्य सर्दी बढ़ने के साथ किया जा रहा है।

क्लब की ओर से सुबह सुबह मेडिकल कॉलेज वॉर्ड में तीमारदारों की सहायतार्थ उक्त कार्यक्रम में सनशाइन क्लब के संस्थापक अशोक अग्रवाल काका , मनीष अग्रवाल व संजीव गर्ग भी सहयोग करते नजर आए। सर्दी के मौसम में प्रातः अदरक की चाय पाकर सभी हर्षित होते हैं।सर्दी के चलते अनवरत यह सेवा सुबह साढ़े सात बजे चलती रहेगी यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक अनूप बिन्दल ने यहां दी।

# सामाजिक परिवर्तन के वाहक होते हैं युवा - कुश चाहर

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** युवा शक्ति वह ऊर्जा है जो अगर सही दिशा में प्रवाहित हो तो राष्ट्र को विश्वगुरु के सिंहासन पर आसीन कर सकती है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था अगर मुझे 100 ऐसे युवा मिल जाएं जिनकी आंखों में वैभव के सपने हों पग में तूफानों सी गति हो जिनके हृदय देश के लिए धड़कते हों जो इस राष्ट्र को सबल और संपन्न देखना चाहते हैं तो में देश की काया पलट कर दूंगा क्यों कि युवाओं में असीम क्षमताएं होती हैं युवा प्रश्न नहीं उत्तरा होता है युवा समस्या नहीं समाधान होता है युवा संभव कार्य को भी संभव कर सकता है।

युवा आधुनिक और प्रगतिशील विचारों का संचार करते हैं जिससे न्यायपूर्ण समाज की स्थापना हो सकती है। युवा पुरानी कुरीतियों को समाप्त व समाज में नए आदर्श स्थापित करने में सबसे ज्यादा सक्षम होता है। एक शिक्षित युवा न केवल अपना भविष्य संवारता है वह अपने साथ साथ अपने आस पास के समाज के लोगों का उत्साह वर्धन भी करता है। साक्षरता अभियान हो या सरकारी योजनाएं सभी के प्रति जागरूक करना इसमें युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। लोकतंत्र की सफलता व एक आदर्श समाज स्थापित करने के लिए युवाओं का सामाजिक व राजनैतिक जीवन में सक्रिय होकर एक महत्वपूर्ण स्थान होना आवश्यक है। देश व समाज तोड़ने वाली शक्तियों के प्रति सजग रहना व सही नेतृत्व का चुनाव करना युवाओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

भारत की सीमाओं की सुरक्षा हो या देश की आंतरिक सुरक्षा हो युवा हर स्थिति में राष्ट्र की संप्रुभता को अक्षुण्ण रखते हैं,साथ ही सामाजिक सांस्कृतिक व आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से देश की अखंडता को बनाए रखने में युवाओं का बड़ा योगदान है।

आज का युग तकनीकी और स्टार्टअप्स का है, युवा अपनी रचनात्मक और तकनीकी कौशल से देश में अनेक नए अवसर पैदा कर रहे हैं, वे केवल नौकरी चाहने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनकर देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस अमृत काल में जब देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूर्ण करने की ओर बढ़ रहा है वहीं युवा पीढ़ी भारत माता को विश्वगुरु के सिंहासन पर असीन करने के लिए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है, चाहे वो खेल का मैदान हो या विज्ञान हो युवा हर क्षेत्र में देश का मान बड़ा रहा है ।

भविष्य का भारत के निर्माण में युवा अपनी भूमिका एक ऐसे सजग और सशक्त नागरिक के रूप में देखते हैं, जो संवैधानिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करते हुए विकास को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

युवाओं का जीवन संघर्ष का होता है क्यों कि वे परिवर्तन के लिए पैदा हुए हैं

# नन्ही कलाकार वंशिका शर्मा की श्रीकृष्ण पेंटिंग ने बढ़ाया परिवार व समाज का मान

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़** ।कला के क्षेत्र में उभरती प्रतिभा बिटिया वंशिका शर्मा ने अपनी सृजनशीलता और साधना से एक नई उपलब्धि प्राप्त कर परिवार, विद्यालय एवं समाज का गौरव बढ़ाया है। वंशिका द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बनाई गई मनोहारी पेंटिंग को मिली सराहना को लेकर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है ।इस अवसर पर वंशिका शर्मा तथा उनके आदरणीय माताझपिता गायत्री शर्मा एवं गोपाल शर्मा को सप्रेम अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ दी गईं। कला प्रेमियों का कहना है कि वंशिका की कृति केवल एक चित्र नहीं, बल्कि संस्कार, साधना और संकल्प की सजीव अभिव्यक्ति है, जिसमें रंगों के माध्यम से भावनाओं की सुंदर प्रस्तुति देखने को मिलती है ।विद्वानों ने माताझपिता की संस्कारशील परवरिश, स्नेहिल मार्गदर्शन और प्रेरणादायी वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि इसी का परिणाम है कि वंशिका जैसी नन्ही प्रतिभा आत्मविश्वास के साथ अपनी कला को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रही है। वंशिका की इस सफलता से न केवल परिवार, बल्कि समूचे समाज को गर्व महसूस हो रहा है ।इस उपलब्धि पर डॉ. अनिल बाजपेई ने वंशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा से उसकी कला निरंतर निखरती रहे और वह आने वाले समय में कला जगत में नए कीर्तिमान स्थापित करे।

# बहुजन सशक्तिकरण संघ में अमित सागर बने जिला अध्यक्ष

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़** बहुजन सशक्तिकरण संघ (इ.र.र.) के विस्तार एवं संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अमित सागर को जनपद हापुड़ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पं. कमलेश कुमार गौतम द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से की गई ।नियुक्ति पत्र में आशा व्यक्त की गई है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अमित सागर अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ करते हुए संगठन को जनपद स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे ।अमित सागर की नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बहुजन सशक्तिकरण संघ जनपद हापुड़ में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा।

# हिन्दू सम्मेलन के तहत निकली कलश यात्रा

**वाराणसी मिजार्मुराद**

**रोहनिया** थाना क्षेत्र के केशरीपुर बस्ती में रविवार को डीह बाबा मंदिर से हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा निकला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बीएचयू तंत्र विभाग डॉक्टर अंबिकेश, प्रान्त वौद्धिक डॉ. कुलदीप वक्ता के रूप में मौजूद रहे ।यात्रा में सभी महिला-पुरुष हाथ में झंडा लेकर भारत माता की जय नारा लगाते हुए यात्रा में चल रहे थे।इस अवसर पर गुलाब, मुन्ना गुरु, करिया, सुनील, रामनिवास, श्याम लाल, लालचंद्र, गीता, कांता, लालचंद, नान्हू, रामशिव, शिवलाल, अश्वनी, विकास, शिवकुमार, महामायामणि, वीरेंद्र, विनायक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार समूह के सदस्य ने किसानों से किया संवाद

**संदीप तिवारी वाराणसी मिजार्मुराद**



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार समूह के सदस्य एवं एनर्जी एक्सपर्ट रविकांत मिश्रा ने रविवार को विकास भवन में जनपद के सोलर पंप के लाभार्थियों एवं सोलर पम्प प्रदाता वेंडर्स, विद्युत विभाग के अधिकारियों नेडा के अधिकारियों के साथ सोलर पम्प के विस्तार एवं सोलर रूफ टॉप के सम्बंध में संवाद किया ।श्री मिश्रा ने पीएम कुसुम योजनान्तर्गत कृषकों के यहां स्थापित सोलर पंप से हो रहे लाभ के सम्बंध में विस्तारपूर्वक वार्ता की ।पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित सोलर रूफटॉप के लाभार्थियों से भी फीडबैक लिया। किसानों के बीच सोलर पम्पों की घटती मांग के सम्बंध में श्री मिश्रा द्वारा जानकारी चाही गयी जिस पर उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया कि वर्तमान समय में सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली आपूर्ति, विद्युत चलित पंपों की अपेक्षा सोलर पम्प से पानी का कम डिस्चार्ज होना आदि प्रमुख कारण हैं। बैठक में उपस्थित लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से स्थापित सोलर से उनके बिजली के बिल में काफी कमी आई है साथ ही स्थापित सोलर में किसी भी प्रकार का मेंटेनेंस नहीं है। सूर्य की रोशनी से बिजली उत्पादित कर विजली के बिल की बचत कर रहे हैं। बैठक में उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल, परियोजना प्रभारी यूपी नेडा डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता, पीएम कुसुम योजना के वेंडर एवं पीएम सूर्य घर योजना के वेंडर,बैंकों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# सीएचसी में बच्चे को गमले में पेशाब कराने पर लगाया 100 रुपये जुमाना

**कांधला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला पर बच्चे को गमले में पेशाब कराने पर चिकित्सा प्रभारी ने दंपती पर 100 रुपये जुमार्ना लगाया। दंपती बच्चे को बिल्ली काटने पर एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाने आए थे। जुमार्ना वसूले जाने से नाराज होकर दंपती ट्रैक्टर को परिसर में छोड़कर चला गया। बाद में उसका भाई ट्रैक्टर को घर ले गया ।गांव इस्लामपुर घसौली निवासी अशोक अपनी पत्नी रूना के साथ अपने दो वर्षीय पुत्र अजित को लेकर बुधवार को ट्रैक्टर से कांधला सीएचसी पहुंचा था। बच्चे को बिल्ली ने काट लिया था।

# मदरसा अरबिया काशिफुल उलूम जातेडीहा दुबौलिया में कुरान पाठ प्रतियोगिता संपन्न

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जनपद संतकबीरनगर में पहली बार मदरसा अरबिया काशिफुल उलूम जातेडीहा दुबौलिया में बच्चों की दीनी व शैक्षिक प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से नूरानी कायदा की एक भव्य प्रतियोगिता ह्लमासूम कारीह्व का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 मकतबों के कुल 137 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नूरानी कायदा आरोह विरोह लय के साथ तिलावत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को अत्यंत प्रभावित किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कुरआन पाक की शिक्षा के महत्व पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।

प्रतियोगिता के समापन पर विभिन्न श्रेणियों में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के नाम घोषित किए गए।

कक्षा पांच में मदरसा नूरुल उलूम करमा खान की आरिफा खातून ने प्रथम, उम्मे ऐमन ने द्वितीय तथा इकरा शेख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा चार में मदरसा नूरुल उलूम करमा खान की साइमा खातून प्रथम, वसीका खातून द्वितीय तथा मदरसा अरबिया फैजुल उलूम कोहरियावां की सुमैय्या खातून तृतीय स्थान पर रहीं।

कक्षा तृतीय में मदरसा अरबिया काशिफुल उलूम जाते डिहा दुबौलिया की हादिया खातून ने प्रथम, मुहम्मद अजहान (बेगम उस्तानी, दुधारा) ने द्वितीय तथा मदरसा नूरुल उलूम करमा खान के अब्दुर्रहीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में मदरसा के जिम्मेदारों ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद, जिला पंचायत सदस्य गौहर अली खान, मुफ़्ती मुजाहिदीनुद्दीन, हाफि ज मुहम्मद असजद धोबहां डॉ. मुहम्मद अजमल खान, मौलाना उबैदुल्लाह नदवी, महमूदुल हसन कासमी, हकीम असद अलीग, कारी मुहम्मद राशिद, हाफि ज मुहम्मद सईद, मौलाना मुहम्मद फैयाज मजाहिरी, मौलाना हिफ़्जुर्रहमान, कारी महबूब आलम नदवी, मौलाना मुहम्मद सुहैल हलीमी, मौलाना मुहम्मद उसामा कासमी, मौलाना मुहम्मद शाहिद कासमी, मौलाना उबैदुर्रहमान मजाहिरी, कारी अहमद उमैर बलरामपुरी, मास्टर मुहम्मद अतहर, हाफि ज शहबाज सहित मदरसा के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह के पर्यवेक्षण में आईजीआरएस में प्रथम स्थान

वेलकम इंडिया



**रामघाट/बुलंदशहर/** जनपद बुलंदशहर में रामघाट अक्टूबर नवंबर दिसंबर माह में आइजीआरएस एकीकृत शिकायत निर्माण प्रणाली में शीर्ष स्थान पर रहा है गुणवत्तापूर्ण शिकायत समाधान के लिए उपलब्धि हासिल की गई है इस उपलब्धि के साथ रामघाट थाना प्रथम स्थान पर रहा है यह सफलता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह एसपी देहात डॉक्टर तेजवीरसिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रखर पांडेय के सख्त मार्गदर्शन में रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह के निरंतर प्रयास के साथ अक्टूबर नवंबर दिसंबर माह की आइजीआरएस की पंजीकृत शिकायतों का निवारण अपने थाने के अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ समय पर शिकायतों का निस्तारण करने के सख्त निर्देश देते रहें उनके अथक प्रयासों के कारण रामघाट थाना शीर्ष स्थान पर पहुंचकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है इस उत्कर्ष कार्य के लिए तथा शीर्ष रेंक स्थान प्राप्त करने पर रामघाट थाना प्रभारी तथा कांस्टेबल ध्रुव कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए रामघाट थाना प्रभारी ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही प्रयास जारी रहेंगे।

# ज्ञानमाला समिति ने लगाया चाय वितरण सेवा कैम्प



गुलजार आलम

**रामपुर।** आजकल तापमान अपनी अधिकतम निगेटिव डिग्री लेकर चल रहा है अत्यधिक ठंड का प्रकोप हर ओर ही हो रहा है।आजकल की इस भीषण ठंड में तो गर्मा-गर्म तरल पदार्थ से जीवनरक्षा के लिए राधा सिनेमा रोड स्थित ज्ञान भवन, भारतीय स्टेट बैंक शाखा के आगे जैन सेवा समिति के सदस्यों ने जनमानस में सहयोग की भावना देखते हुए गर्म पेय पदार्थ का स्टॉल लगाने का विचार किया। आमजन को राहत देने के लिए इस सेवा की व्यवस्था के आयोजक जैन सेवा समिति मुरादाबाद द्वारा नीलम जैन की अध्यक्षता में वितरण सेवा शुभारंभ करने से पूर्व सुबह 10:00 बजे मुख्य अतिथि मुरादाबाद जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन तथा सेवा प्रायोजक ज्ञान माला सेवा समिति के अध्यक्ष डा. ज्ञानेन्द्र कुमार जैन व उपाध्यक्ष डा. ऊषा जैन द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया।शीतलहर के समय में जीविका पालन करने के कार्य में घर से बाहर निकलने वाले लोगों को इस चाय- रस्क, बिस्कुट, समोसे की सेवा से बहुत राहत मिल रही थी। अत्यंत आवश्यक निजी कार्य से घर से निकले जन सामान्य व्यक्ति वर्ग भी इससे लाभान्वित हुए।

जैन सेवा समिति शाखा रामपुर से वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट प्रमोद जैन के निर्देशन में वितरण शिविर पर सभी रामपुर शाखा के सदस्यों ने दोपहर में भोजन पैकेट का वितरण भी किया। जनमानस ने इतनी भीषण ठंड में इस प्रकार के सेवा कार्य को अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक बताया।लाभान्वित सभी लोगों ने सेवा कार्य करने वाले सदस्यों की दिल खोलकर खूब सराहना की। इस योजना से जुड़े हुए सभी लोगों का ज्ञानमाला समिति की सचिव डा0 शीनू जैन ने सहृदयतापूर्वक धन्यवाद दिया। वितरण सेवा की व्यवस्था में समीर जोशी, अनुराग जैन, हंसिका जैन, राहुल जैन, श्रीया जैन आदि लोगों ने महत्वपूर्ण सहयोग किया। दोनों जैन सेवा और ज्ञान-माला समिति भविष्य में निरन्तर मानव सेवा से सम्बंधित कार्य सभी के सहयोग से करती रहेगी।

इस सेवा कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए रामपुर से अंजू जैन, सर्वेश जैन खंडेलवाल, दिशा जैन, अविरल जैन, भारत भूषण जैन, ज्ञानचंद जैन, निर्भय जैन तथा मुरादाबाद से आए जैन सेवा समिति के सदस्य अजीत जैन, अजय जैन एवं आशु जैन उपस्थित रहे।

# हकीमपुर में ग्राम प्रधान राणा सिंह ने बांटे सैकड़ो गरीबों में कंबल

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** विकास खंड हैसर बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत हकीमपुर में ग्राम प्रधान राणा प्रताप सिंह के द्वारा कंबल वितरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गणेश चंद्र चौहान मौजूद रहे।समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि गरीबों की सेवा करना अत्यंत ही सराहनीय और पुनीत कार्य है इससे ईश्वर प्रसन्न होते हैं, तथा गरीबों की सेवा करने से धन वैभव तथा यश कीर्ति में बढ़ोतरी होती है।उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान का यह प्रयास बहुत ही अच्छा है गांव की जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुसार मदद हो जा रही है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश व केंद्र की सरकार भी लगातार गरीबों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं।उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान राणा प्रताप सिंह ने कहा कि उन्हें गरीबों की मदद करने में आत्म संतुष्टि मिलती है तथा इससे उन्हें और भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह सिसोदिया ने कहा कि इस तरीके के आयोजनों से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है तथा संपन्न लोगों गरीबों के लिए आगे आए ऐसी प्रतिस्पर्धा उत्पन्न होती है।

इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष पी एन सिंह अंकुर पाण्डेय ,सोनू सिंह जन्मेजय मिश्रा , रामाकांत निषाद , प्रिंस सिंह शिवम , अवधेश यादव , बिनोद यादव , कल्याण यादव नागेन्द्र यादव , अम्बिका राजभर , मिठू राजभर , रामकिसुन राजभर , लालचन्द्र राजभर,कपिल कुमार, महेंद्र प्रताप गुरु , नागेन्द्र नाथ गौतम ,प्रहलाद राजभर नागेन्द्र चौधरी , लालमन चौधरी जी,चंद्रभान राजभर आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद हैं।

# रामपुर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने मुंबई महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए किया प्रचार

गुलजार आलम



**रामपुर।** महाराष्ट्र प्रदेश में महानगर पालिका के चुनाव चल रहे हैं समाजवादी पार्टी सभी वार्डों में अपने प्रत्याशी लड़ा रही है तथा महापौर मेयर मैं भी समाजवादी पार्टी अपने प्रत्याशी लड़ा रही है रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जिला नासिक मुंबई महाराष्ट्र प्रदेश में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नसरीन इमरान चौधरी को जीतने के लिए प्रचार किया सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने लोगों से कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी बीजेपी के लोगों को हर स्तर पर जवाब दे रहे हैं देश के छात्रों . महिलाओं. गरीब तपके के दबे कुचले लोगों की सामाजिक व न्यायिक लड़ाई लड़ रहे हैं और पीडीऐ के सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चल रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में सन 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा सीटे जीतकर समजबादी पार्टी प्रथम पार्टी तथा देश में समाजवादी पार्टी तीसरे नंबर की पार्टी बनी है सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि महानगर पालिका में आप सभी लोग समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को वोट देकर भारी मतों से ज़िताओ जिससे समाजवादी पार्टी का विस्तार संपूर्ण भारतवर्ष में हो और समाजवादी पार्टी पूरे देश में सबसे मजबूत पार्टी बनकर उभरे यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब पाशा ने दी है

# व्यापारी बोले, हर मामले में जारी होना चाहिए स्पीकिंग ऑर्डर

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए कई मांगें उठाई। संगठन ने जीएसटी अधिकारियों से व्यापारियों के नाम स्पीकिंग ऑर्डर जारी करने की वकालत की है, ताकि करदाताओं को अपील करने का अधिकार मिल सके। गुड़ को कृषि उत्पाद घोषित करने और बैंकिंग सेवाओं में सुधार की भी मांग की गई है।उप्र उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री श्याम सिंह सैनी ने कहा कि जीएसटी के मामलों में अधिकारियों की ओर से स्पीकिंग ऑर्डर जारी करने का प्रावधान है लेकिन व्यवहार में ऐसा नहीं हो रहा है। व्यापारियों को अक्सर स्वीकारोक्ति पत्र (बीआरसी फार्म) भरने के लिए दबाव डाला जाता है, जिससे वह अपील प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाते और जीएसटी रिफंड से भी वंचित रह जाते हैं।

# बच्चों की मुस्कान का महाकुंभः ऑफेंस स्माइल डे ने रचा मानवता का इतिहास, 150 अनाथ बच्चों के चेहरे पर लौटी खुशी

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।**सपनों को सच करने का जज्बा जब सेवा से जुड़ता है, तब समाज में बदलाव की एक नई इबारत लिखी जाती है। ऐसा ही प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला सातवें ऑफेंस स्माइल डे (बच्चों की मुस्कान का महाकुंभ) के अवसर पर, जिसे इस वर्ष पूरे भारत में 13 स्थानों पर एक साथ न्यू ईयर के पहले रविवार 4 जनवरी को मनाया गया।इस अनोखे और भावनात्मक अभियान के संस्थापक हैप्पी लाइफ फैमिली एंड वेलफेयर सोसाइटी, प्रयागराज के संस्थापक एवं अध्यक्ष जितेश केसरवानी हैं, जो बीते सात वर्षों से उन अनाथ और गरीब बच्चों का सामूहिक जन्मदिवस मना रहे हैं, जिन्हें यह तक नहीं पता कि जन्मदिन क्या होता है और उसकी खुशियां कैसी होती हैं।जितेश केसरवानी के इस मानवीय सपने को पिछले 6 वर्षों से मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं ठऊफऋ के जवान महेश कुमार, मिलिट्री के जवान महेंद्र, किसान रामसिंह और ग्राम प्रधान श्री राजकुमार पटेल। इस वर्ष भी इनके साथ समाजसेवा से जुड़े अनेक प्रेरणास्रोत सहयोगियों ने मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।कार्यक्रम संत नगर चौराहा, अब्दालपुर खास, सोरांव प्रयागराज में आयोजित हुआ, जहां 150 अनाथ एवं गरीब बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरते हुए केक काटा गया, उपहार वितरित किए गए और उन्हें अपनापन व सम्मान का एहसास कराया गया। इस अवसर पर श्री सुखदेव पटेल (जिला पंचायत सदस्य), श्री सर्वजीत सिंह (प्रधानाध्यापक), कल्लूराम पटेल (प्रधान), मो. जैद (समाजसेवी), सर्वजीत पटेल (प्रधान), कृष्ण कुमार (प्रबंधक, गाजीदीन महादेव विद्यालय), सुशील प्रसाद पटेल (प्रोफेसर, इंटर कॉलेज), पुष्पा देवी पटेल (एडवोकेट), शैलेन्द्र कुमार (वढढ), जुगुल किशोर (रइक उरढ), धर्मेन्द्र सिंह (एडवोकेट), अरविन्द कुमार (कोच) सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मानवता की मिसाल पेश करते हुए ग्राम प्रधान श्री राजकुमार पटेल ने अनाथ बच्चों की भविष्य में शादी की जिम्मेदारी लेने की घोषणा की, वहीं कृष्ण कुमार ने बच्चों की इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की फीस माफ करने का संकल्प लिया।यह घोषणाएं आयोजन का सबसे भावुक और प्रेरक क्षण रहीं। जितेश केसरवानी का सपना है कि जब यह मिशन एक राष्ट्रीय पर्व का रूप लेगा, तो कोई बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाएगा, कोई रोजगार देगा और कोई उनके संपूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# कड़ाके की ठंड...पशुओं से फसलें बचाने के लिए बेबस किसान

**रतनपुरी।** गेहूं और सरसों की फसल को निराश्रित गोवंश से बचाने के लिए किसानों को ठिठुरती रातों में भी खेतों पर जागकर पहरा देना पड़ रहा है। रात के अंधेरे में झुंड बनाकर खेतों में घुसने वाले निराश्रित पशु किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। यदि किसान फसल की रखवाली न करें, तो पूरी फसल बर्बाद होने का खतरा है। कड़ाके की ठंड के बावजूद किसान अपनी मेहनत की कमाई को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि इस विकट समस्या की ओर शासन और प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। उन्हें निराश्रित पशुओं से निजात दिलाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# ठंड से ठिठुर रहे गरीबों व असहायों को चंद्रभान पहलवान ने ओढ़ाया कंबल

असदुल्लाह सिद्दीकी





**सिद्धार्थनगर।** जनपद में पड़ रही कड़ाके की ठंड और सर्द हवाओं में जहां लोग घरों में दुबके हैं, वहीं समाजवादी पार्टी आंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष चंद्रभान पहलवान ने रविवार को विधानसभा कपिलवस्तु के विकास खंड उसका क्षेत्र के कोल्हूआ ढालें पर पीडीए चौपाल कार्यक्रम के तहत ठण्ड से बचने के लिए सैकड़ों निःसहाय एवं जरूरतमन्द लोगों के बीच कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।असहाय और जरूरतमंदों का दर्द समझते हुए कंबल वितरण अभियान चलाया।कम्बल वितरण करते हुए जिलाध्यक्ष चन्द्रभान पहलवान ने कहा हमारे खून का एक-एक कण आप लोगों लिए है। आप के सुख-दुःख में आपका बेटा बनकर आपकी सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि इस कडाके की ठंड के मौसम मे क्षेत्र के गरीब, असहाय, जरुरतमंदों के बीच कबंल वितरण का काम कर रहे है ताकि वृद्ध असहाय लोगों को ठंड से बचाया जा सके। इंसान होने के नाते समाज के प्रति दायित्व निभाना हमारा फर्ज है। ऐसे लोगों की सहायता के लिए उनका यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

कम्बल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने लोकप्रिय चंद्रभान पहलवान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से ठण्ड के दिनों में उन्हें बड़ी राहत मिलती है।

कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान हजरत खान, आजाद खां दीपक भारती, राजकुमार भारती, लवकुश भारती, अमित आदि समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोल्डन टैंपल सहित पांच ट्रेन पहुंची लेट, यात्री हुए परेशान

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को सर्दी के मौसम में लंबी दूरी वाली पांच ट्रेन अपने निर्धारित समय से काफी लेट पहुंची। ट्रेनों के लेट चलने के कारण महिलाएं व बच्चे परेशान रहे।जालंधर से दिल्ली जाने वाली इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन पचास मिनट, इंदौर से अमृतसर जाने वाली इंदौर एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, मुंबई से अमृतसर जाने वाली गोल्डन एक घंटा, ओडिशा के पुरी शहर से ऋषिकेश जाने वाली कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस तीन घंटा व गुजरात के ओखा शहर से देहरादून जाने वाली उत्तरांचल एक्सप्रेस डेढ़ लेट रही। सर्दी के मौसम में यात्रियों को ट्रेनों का इंतजार करने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# बेसहारा , दिव्यांग और वनवासी परिवारों को ठंडक में राहत पहुंचाने को वितरण हुआ 500 कंबल

संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लॉक के बरकी गाँव में रविवार को समाजसेवी ई.मुकुल मिश्रा ने कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्व.पंडित पारस नाथ मिश्रा की स्मृति में आयोजित किया गया था।इस दौरान बरकी और आस पास के गांवों के 500 गरीब, विधवा, बेसहारा, दिव्यांग और वनवासी परिवारों को कंबल वितरित किए गए।कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए ई.मुकुल मिश्रा ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। उन्होंने जोर दिया कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान नहीं आती, तब तक एक स्वस्थ समाज की स्थापना संभव नहीं है।ई.मुकुल मिश्रा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के मूल मंत्र को जीवन का आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि गरीब, विधवा, बेसहारा और दिव्यांग व्यक्तियों की सेवा करके ही ईश्वर की प्राप्ति की जा सकती है।इस अवसर पर समाजसेवी दिनेश्वर मिश्रा, शिविका मोजा, कृपाल मिश्रा, अमरनाथ यादव, आनंद सिंह, संतोष सिंह और अमित पाण्डेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आप का विरोध

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी**:- आम आदमी पार्टी वाराणसी के कार्यकताओं ने कचहरी स्थित अंबेडकर पार्क में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे संगठित अत्याचार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया विरोध स्वरूप बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया ज्ञापन लेने हेतू जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में चौकी इंचार्ज अभिषेक शर्मा ने ज्ञापन को स्वीकार किया जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति तक पहुंचाने का आश्वासन दिया भारत सरकार की चुप्पी तथा कूटनीतिक व्यापारिक संबंधों पर तत्काल कठोर निर्णय न लिए जाने कारण बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले,मंदिरों को निशाना बनाए जाने,महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता तथा भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल ने कहा कि इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद भारत की केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अब तक कोई ठोस,प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सामने नहीं आई है आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मत है कि भारत जैसे लोकतांत्रिक और नैतिक नेतृत्व वाले राष्ट्र से यह अपेक्षा की जाती है कि वह पड़ोसी देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे संगठित अत्याचारों पर केवल मौन न साधे, बल्कि अपनी कूटनीतिक,आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय शक्ति का प्रयोग कर पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए मौजूदा परिस्थितियों में भारत सरकार की चुप्पी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि इससे अत्याचारियों का मनोबल भी बढ़ रहा है आम आदमी पार्टी महामहिम राष्ट्रपति से संविधान के तहत अपने विशेष अधिकारों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार को निम्नलिखित तत्काल और कठोर निर्णय लेने के निर्देश देने की मांग कियो (1)- भारत,बांग्लादेश के सभी व्यापारिक एवं कूटनीतिक संबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाएं, जब तक बांग्लादेश सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की ठोस गारंटी नहीं देती (2)-केंद्र सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी जा रही बिजली की आपूर्ति पर तुरंत रोक लगाई जाए,क्योंकि भारत के संसाधनों का उपयोग ऐसे देश के लिए नहीं हो सकता जहाँ हिन्दू अल्पसंख्यकों का खुलेआम उत्पीड़न हो रहा हो (3)- अडानी समूह द्वारा बांग्लादेश को दी जा रही बिजली की आपूर्ति पर भी तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए ताकि किसी भी निजी या कॉर्पोरेट लाभ के लिए भारत की नैतिक जिम्मेदारियों से समझौता न हो

# संघर्ष वाहिनी का बागेश्वर बंद सफल रहा

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**,उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर बागेश्वर संघर्ष वाहिनी द्वारा बाजार बंद का व्यापक असर दिखा।वाहिनी से जुड़े सदस्यों और आमजन ने भी अंकिता को न्याय दिलाने हेतु अपना सहयोग दिया।संघर्ष वाहिनी जिलाध्यक्ष कवि जोशी के आह्वाहन पर नगर में चौक बाजार में सभा हुई।साथ ही वाहिनी के सदस्यों ने आमजन से अंकिता को न्याय दिलाने हेतु पर्याप्त सहयोग की अपील की।वाहिनी से जुड़े सदस्यों ने बाजार बंद में व्यापारियों, समाजिक संगठनों से जुड़े लोगों से संवाद किया।इस दौरान नगर में बहुप्रतिष्ठित विशाल मेगा मार्ट, स्मार्ट पॉइंट, सहित प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बंद कराया।साथ ही अंकिता को न्याय दो, हत्यारो को फांसी की सजा दो के नारे लगाए।उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड में मुख्य वीआईपी कौन-कौन है कि जांच सर्वोच्च न्यायालय के नियंत्रण में सीबीआई से करवाने, मुख्यमंत्री धामी द्वारा सीबीआई जांच की संस्तुति के पत्र को सार्वजनिक करने,और न्याय नहीं मिलने तक संघर्ष जारी रहने की चेतावनी दी।बागेश्वर बंद में उक्रांद,कांग्रेस और सवाल संगठन नें भी पूर्ण समर्थन दिया। बंद से जुड़े संगठनों ने बागेश्वर बंद के आह्वाहन को सफल बनाने के लिए बागेश्वर की सम्मानित जनता और व्यापारयों को तहे दिल से आभार व्यक्त किया।आंदोलन को सफल बनाने के लिए संघर्ष वाहिनी जिलाध्यक्ष कवि जोशीउक्रांद जिलाध्यक्ष एड मनोज जोशी,रमेश पाण्डेय संरक्षक संघर्ष वाहिनी, अंकुर उपाध्याय जिला प्रवक्ता, विजय परिहार जिला महामंत्री,सुनील पाण्डेय जिला कोषाध्यक्ष,प्रकाश वाछमी जिला प्रभारी मीडिया,महेश नगरकोटी जिला सचिव,नागेंद्र मनवाल जिला उपाध्यक्ष, विनोद थापा जिला प्रभारी सोशल मीडिया,आशीष अंडोला, पंकज लोहनी आदि मौजूद थे।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी का 217 जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- चौकाघाट स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में 11 जनवरी रविवार को इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के जनक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी का 217 जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें काशी क्षेत्र के सैकड़ो इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डॉक्टर शामिल रहें डाक्टर काउंट सीजर मैटी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के डॉक्टर लियाकत अली ने कहा कि डॉक्टर काउंट सीजर मैटी के सिद्धांत पर चलकर विष रहित दवाओं से आसाध्य और जटिल रोगों पर काबू पाया जा सकता है यह इलेक्ट्रो होम्योपैथी 114 प्लांटो पर आधारित है इसके स्पेजरी ईसेंस से मरीज को निरोगी बनाया जा सकता है वर्तमान में हमें इसके मान्यता के लिए संघर्ष करना है डॉक्टर काउंट सीजर मैटी के तैल चित्र पर सभी चिकित्सकों ने माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर मनोज कुमार सिंह ने किया कार्यक्रम में डॉ एस के पटेल और डॉक्टर अलख नारायण रहे कार्यक्रम में डॉक्टर विजय नारायण वर्मा डॉक्टर मृत्युंजय शर्मा,डॉक्टर,डॉक्टर पातीराम मौर्य,डॉ रवि शंकर,डॉक्टर अलख नारायण,डॉक्टर माधुरी वर्मा,डॉ आर एन पांडेय, डॉक्टर ओपी सिंह,डॉक्टर मनोज कुमार सिंह और डॉक्टर योगेश सिंह शामिल रहे कार्यक्रम का विधि पूर्वक संचालन डॉ ब्रजराज ने किया

# सपाईयो ने मतदाता को जागरुकता करने लिए लगाया कैंप

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी** :- एसआईआर परीक्षण एवं मतदाताओ को जागरुक करने के उद्देश्य से सपाईयो ने रविवार को कैंप लगाकर अभियान का शुरूआत किया मतदाता जागरूकता अभियान का प्रथम चरण का कैंप दक्षिणी विधानसभा के अन्तर्गत सपा नेता रमाकांत जायसवाल के नेतृत्व मे आदमपुर थाना के समीप लगाया गया मतदाता जागरुकता अभियान कैंप के माध्यम से लोगो को जागरूक करते हुए लोकतंत्रको मजबूत बनाने का आव्हान किया गया कैंप मे पीडीए प्रहरी के रूप मे नए मतदाताओ को जोड़ा गया सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ₹विश्वकर्मा₹ एवं प्रदेश सचिव राजू यादव विशेष रूप से उपस्थित हुए मतदाता जागरुकता अभियान कैंप मे अठारह वर्ष के नए मतदाताओ को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारूप 6 का फार्म भरवाकर 179 नए मतदाता बनाए गए कैंप प्रातःदस बजे से सायंचार बजे तक चला कैंप मे मतदाताओ के एसआईआर परीक्षण के लिए पीडीए प्रहरी कार्यकताओं ने मतदाताओ को मोबाइल से ऐप के माध्यम जानकारी उपलब्ध कराई गई

जागरूकता अभियान के तहत विशेष कैंप के माध्यम से 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़े गए एवं अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या किसी कारण छूट गया है कैंप मे उनके फार्म भरवाकर बीएलओ को उपलब्ध कराया गया कैंप मे सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ₹विश्वकर्मा₹ ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना और हर योग्य नागरिक को मतदान का अधिकार दिलाना है

कैंप मे प्रदेश सचिव राजू यादव ने अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने मताधिकार के लिए लोगो को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए इस अवसर पर मुख्य रूप से रमाकांत जायसवाल,सपा के प्रदेश सचिव राजू यादव,अनिल सोनी,पूर्व महानगर उपाध्यक्ष इरशाद अहमद,अतुल श्रीवास्तव,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शमीम अंसारी,अल्पसंख्यक सभा के महानगर महासचिव अजहर उर्फ गुड्डू मास्टर,वली मोहम्मद,सोनू विश्वकर्मा,राजवीर सिंह,राहुल यादव, धीरज यादव,रितेश श्रीवास्तव,रूद्र जायसवाल,सूर्यवंशी अखिलेश जायसवाल सहित अनेक पीडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे


# लखीमपुर खीरी में खुलेआम बिक रहा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा, प्रशासन बेखबर




मोहम्मद असलम

**लखीमपुर** खीरी। मकर संक्रांति और बसंत पंचमी जैसे पर्वों के नजदीक आते ही शहर के बाजारों में चाइनीज मांझे की मांग बढ़ गई है। हालांकि सरकार ने इसे पूरी तरह प्रतिबंधित कर रखा है, इसके बावजूद कुछ लालची दुकानदार इसे चोरी-छिपे बेचने से नहीं रोक पा रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, प्रतिबंधित मांझे को घरों में छिपाकर रखा जाता है और गुपचुप तरीके से ग्राहकों को बेचा जा रहा है। परिणामस्वरूप आए दिन लोग इसकी चपेट में आकर घायल हो रहे हैं। ताजा मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। केवल इंसान ही नहीं, बल्कि खुले आसमान में उड़ते पक्षी भी चाइनीज मांझे की धारदार डोर से घायल या मृत हो रहे हैं। यह मांझा बेहद खतरनाक होता है और गले, हाथ या शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे जख्म कर सकता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस गंभीर समस्या पर सख्ती से ध्यान देना चाहिए और अवैध रूप से मांझा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# श्रीहरिदास धाम में श्रीहनुमद आराधन मंडल के द्वारा किया गया सुंदरकांड का संगीतमय सामूहिक पाठ



(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)

**वृन्दावन**। गोधुलि पुरम स्थित श्रीहरिदास धाम में श्रीहनुमद आराधन मंडल के द्वारा संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड का पाठ कई प्रख्यात संतों, विद्वानों व धमार्चार्यों के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। जिसके अंतर्गत श्रीहनुमानजी महाराज का दिव्य व भव्य श्रृंगार किया गया।साथ ही उनकी विशेष आरती की गई।इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए अघोर शक्ति पीठाधीश्वर स्वामी बाल योगेश्वरानंद महाराज एवं प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ सभी बाधाओं को दूर करने वाला है।इस पाठ को करने से श्रीहनुमानजी महाराज शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करते हैं।ठाकुर बांके बिहारी मन्दिर के सेवाधिकारी व प्रख्यात भागवताचार्य आनंद वल्लभ गोस्वामी एवं चिंतन वल्लभ गोस्वामी ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज समस्त सद्गुणों की खान हैं। उनमें वीरता, स्वामी भक्ति, बुद्धि-ज्ञान आदि का भंडार है।जो व्यक्ति जिस कामना से उनकी पूजा-अर्चना करता है,उसकी कामना वे निश्चित ही पूर्ण करते हैं।श्रीहनुमद आराधन मंडल के संरक्षक पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री एवं अध्यक्ष अशोक व्यास महाराजने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज भक्ति शिरोमणि हैं।कलिकाल में श्रीहनुमानजी की आराधना के बिना भगवान श्रीरामजी की भक्ति प्राप्त कर पाना असम्भव है। इस अवसर पर मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के उप-सभापति मुकेश सारस्वत, पण्डित चंद्र लाल शर्मा, पण्डित सुरेश चन्द्र शर्मा, भागवताचार्य विपिन बापू महाराज, पण्डित आर.एन. द्विवेदी (राजू भैया), आचार्य विमल चैतन्य महाराज, भागवत विदुषी श्रीहरि वर्षा कौशल, पण्डित मुकेश मोहन शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा, स्वामी रामशरण शर्मा, पण्डित महेश भारद्वाज, आचार्य युगल किशोर कटारे, आचार्य विमल कृष्ण पाठक, पण्डित राजेश कृष्ण महाराज, चेतन किशोर कटारे, आचार्य प्रदीप मणि महाराज, आचार्य देवांशु गोस्वामी, सुभाष गौड़ उर्फ लाला पहलवान, पण्डित लीला गौतम, प्रदीप बनर्जी, आचार्य भूति कृष्ण महाराज, आचार्य ब्रह्मदेव द्विवेदी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पहड़िया मंडी में डी डी ए की तोड़फोड़ के विरोध में व्यापारियों का विशाल धरना,मंडी बंद करने की चेतावनी

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी**:- पहड़िया फल मंडी में डी डी ए एवं मंडी सचिव द्वारा अतिक्रमण के नाम पर की जा रही तोड़फोड़ के विरोध में 11 जनवरी रविवार को मंडी के व्यापारियों एवं आढ़तियों ने एकजुट होकर जोरदार धरना प्रदर्शन कियो इस धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व पहड़िया मंडी के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने कियो धरने को संबोधित करते हुए महामंत्री ताज मोहम्मद,उपाध्यक्ष बृजेश सोनकर,कानून मंत्री गुलजार अमहद संगठन मंत्री संतोष सोनकर एवं कानून मंत्री राहुल सोनकर मनोज सोनकर दी सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव गुड्डु ने डी डी ए और मंडी सचिव की कार्रवाई को एकतरफा, अन्यायपूर्ण और व्यापारियों की रोजी रोटी पर सीधा हमला बताया वक्ताओं ने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था और पूर्व सूचना के की जा रही तोड़फोड़ से सैकड़ों व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि टीडीए एवं मंडी प्रशासन द्वारा तत्काल तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं रोकी गई तो आज ही पहड़िया मंडी को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगो इसके तहत व्यापारी मंडी के मुख्य गेट की चाबी मंडी समिति को सौंप देंगे और आंदोलन को और तेज किया जाएगा धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में व्यापारी,आढ़ती एवं मंडी से जुड़े लोग उपस्थित रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया

# व्यापारी बोले, हर मामले में जारी होना चाहिए स्पीकिंग ऑर्डर

**मुजफ्फरनगर**। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए कई मांगें उठाई। संगठन ने जीएसटी अधिकारियों से व्यापारियों के नाम स्पीकिंग ऑर्डर जारी करने की वकालत की है, ताकि करदाताओं को अपील करने का अधिकार मिल सके। गुड़ को कृषि उत्पाद घोषित करने और बैंकिंग सेवाओं में सुधार की भी मांग की गई है।उप्र उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री श्याम सिंह सैनी ने कहा कि जीएसटी के मामलों में अधिकारियों की ओर से स्पीकिंग ऑर्डर जारी करने का प्रावधान है लेकिन व्यवहार में ऐसा नहीं हो रहा है। व्यापारियों को अक्सर स्वीकारोक्ति पत्र (बीआरसी फार्म) भरने के लिए दबाव डाला जाता है, जिससे वह अपील प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाते और जीएसटी रिफंड से भी वंचित रह जाते हैं।

# खुर्जा में संघ शताब्दी वर्ष पर भव्य हिन्दू सम्मेलन

वेलकम इंडिया

**खुर्जा**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने गौरवशाली शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देश-विदेश में आयोजित हो रही विश्वव्यापी हिन्दू सम्मेलन श्रृंखला के अंतर्गत खुर्जा नगर में भी ऐतिहासिक आयोजन करने जा रहा है। इसी कड़ी में नगर स्तर पर चार प्रमुख कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिनमें पहला भव्य हिन्दू सम्मेलन 13 जनवरी 2026 (मंगलवार) को प्रातः 11 बजे सरस्वती विद्या मंदिर, जंक्शन रोड, खुरजा में आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रख्यात संत एवं विचारक स्वामी दीपांकर जी अपने वैचारिक व आध्यात्मिक उद्बोधन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और राष्ट्रधर्म पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री गुणवंत कोठारी जी का प्रेरणादायी संबोधन भी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा, जिसमें संगठनात्मक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा।आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित करना, आपसी समन्वय व भाईचारे को मजबूत करना तथा सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के प्रति जनजागरण उत्पन्न करना है। इस मंच से युवाओं, मातृशक्ति और प्रबुद्ध नागरिकों को राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# स्माइल परिवार सिंधी सेवा समिति के अध्यक्ष बने हिमाँशु खट्टर ,सचिव प्रिंस पंजवानी ,विनय साधवानी ने कोषाध्यक्ष के पद पर किया दायित्व ग्रहण

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- स्माइल परिवार सिंधी सेवा समिति का 12वां दायित्व ग्रहण समारोह का रविवार को मौलबी बाग सिगरा स्थित होटल हरी विलास में किया गया आयोजने दायित्व ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोतीलाल खट्टर,विशिष्ठ अतिथि हरिलाल लख्मानी,मार्गदर्शक एस कुमार सुख्वानी थे

आये अतिथियों का स्वागत संरक्षक मंडल राजेश रूपेजा,सुरेश गिड़वानी,रवि होतवानी,प्रदीप रामचंदानी ने किया,संचालन रवि सेहता अमित चांगरानी ने कियो धन्यवाद प्रकाश कोषाध्यक्ष विनय साधवानी ने किया, कार्यक्रम संयोजक आशीष कलवानी,विजय वाधवानी, आशीष गुरनानी,कुणाल दयानी थे दीक्षाधिकारी जय प्रदवानी ने सत्र 2026 के अध्यक्ष पद हेतु हिमाँशु खट्टर,सचिव हेतु प्रिंस पंजवानी,कोषाध्यक्ष हेतु विनय साधवानी को दायित्व की शपथ ग्रहण करवायी सह संयोजिका पद् पर जीविषा पंजवानी व पूजा साधवानी ने शपथ ली मुख्य महिला संयोजिकाओं में स्नेहा सेहता,प्रिया गिड़वानी,सीमा रूपेजा मौजूद रही कार्यक्रम में मुख्य रूप से हासानंद बदलानी,संदीप सुखवानी,दिलीप तुलास्यानी,पकाश रामखयानी,राजकुमार वाधवानी,सुरेश वाध्या,अशोक सुसरानी, कुमार सचदेवा, मुकेश कुकरेजा,त्रिलोकी रूपानी,डा.बालानी,हेमंत केशवानी,अशोक सुसरानी,हीरानंद लख्मानी,रमेश वाधवानी,ललित सर्राफ,गोविंद कृष्णानी,रमेश लालवानी आदि मौजूद थे संस्था के सदस्यों में राजेश रूपेजा, सुरेश गिड़वानी,दिलीप खत्री,रोहित आडवानी,सागर मुलानी,रितेश मंध्यान,देवेंदर सुसरानी,रोहित हेमानी,योगेश तुलस्यानी,पंकज मंध्यान, रोशन लख्मानी,मुकेश टहलानी,गौरव आहूजा आदि मौजूद थे महिलाओं में मुख्य रूप से भूमिका हिमानी, निधी रामचंदानी,ज्योती भटेजा, कशिश भटेजा,अंजू सचदेवा,पलक वाधवानी,भव्या मंगलानी,मुस्कान गुरनानी, भाविका आडवानी आदि मौजूद थी निर्वतमान अध्यक्ष सतेंद्र मंशानी देवेंद्र सुसरानी व नरेश रामचंदानी ने मुख्य अतिथि,विशिष्ठ अतिथि,मार्गदर्शक व दिक्षाधिकारी का आभार व्यक्त कर उन्हे संस्था की ओर से ससम्मान स्मृति चिन्ह भेंट किया

# रचनात्मकता, संस्कार और आनंद का भव्य मंच बना सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल का युगांतर

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2026 को विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव ह्ययुगांतरह्ल एवं विंटर कार्निवल ह्यनववर्षझ्रउत्सव उल्लास काह्ल का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री प्रभात त्यागी, आईएफएस, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एनएसएफडीसी (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय) तथा विशेष अतिथि के रूप में डॉ. कविता मीना, अतिरिक्त निदेशक, आयकर (जांच), मेरठ ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें वैदिक संस्कृति से आधुनिक सभ्यता तक की झलक देखने को मिली।इस अवसर पर विद्यालय द्वारा अपने मेधावी पूर्व छात्रों को ह्यटॉप एलुमनाई अचीवर अवॉर्ड 2026ह्ल से सम्मानित किया गया। सम्मानित एलुमनाई में माही त्यागी, रोहन त्यागी, दीया त्यागी, कार्तिक बंसला शामिल रहे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यमुना हाउस को बेस्ट अकादमिक हाउस के सम्मान से सम्मानित किया गया, वहीं खेलकूद आधारित गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गंगा हाउस को बेस्ट स्पोर्ट्स हाउस के सम्मान से सम्मानित किया गया। विंटर कार्निवल के अंतर्गत मैजिक शो, फूड जोन, गेम जोन एवं झूले आकर्षण का केंद्र रहे, जिनका विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने अपने उद्बोधन में कहा कि ह्ययुगांतर विद्यालय परिवार की सामूहिक मेहनत, विद्यार्थियों की रचनात्मकता और शिक्षकों के समर्पण का जीवंत उदाहरण है। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे नागरिक तैयार करना है जो समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। एलुमनाई की सफलता हमारे शैक्षणिक मूल्यों की सशक्त पहचान है।ह्ल साथ ही इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा पूर्व छात्रों की उपलब्धियों से वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित करना है।




# एसआरएमआईएसटी मोदीनगर में पोंगल पर्व को धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)।एसआरएमआईएसटी मोदीनगर परिसर में पोंगल उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पारंपरिक और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें तमिलनाडु की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा प्रकृति और कृषि के प्रति कृतज्ञता की भावना को दशार्या गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पी. के. मलिक, निदेशक, लोकसभा सचिवालय, भारत की संसद, नई दिल्ली तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राहुल सचदेवा, निदेशक झ्र एसएपी यूनिवर्सिटी अलायंसेज, इंडिया सबकॉन्टिनेंट, गुरुग्राम, हरियाणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गौरव प्रदान किया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ, जिसके पश्चात



दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना संपन्न की गई। इसके बाद संस्थान के वरिष्ठ शिक्षाविदों द्वारा विषयगत उद्बोधन दिए गए, जिनमें डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन, डॉ. एस. विश्वनाथन, निदेशक, तथा डॉ. धौम्या भट्ट, डीन आईक्यूएसी शामिल रहे। इन वक्तव्यों में परंपरा, समृद्धि, कृतज्ञता और नवाचार के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने भी अपने संबोधन में सांस्कृतिक एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा परंपरा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक पोंगल अनुष्ठानों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसने भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया और विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द और एकता को सुदृढ़ किया।

एसआरएमआईएसटी मोदीनगर परिसर में आयोजित पोंगल उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सांस्कृतिक गौरव, सामूहिकता तथा संस्थागत उत्कृष्टता की एक सशक्त छाप छोड़ गया

# सुधीर कुमार ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल प्राप्त किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। जिले के फफराना गांव के निवासी सुधीर कुमार ने जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त किया दूसरे स्थान पर ईरान और तृतीय स्थान पर मलेशिया के खिलाड़ी रहे। डिस्ट्रिक्ट मास्टर एथलीट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख ने बताया कि 6 वी थाईलैंड ओपन मास्टर गेम्स 2026, बैंकॉक में होने वाली इंटरनेशनल चैंपियनशिप में गाजियाबाद जिले के फफराना गांव के निवासी सुधीर कुमार ने जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त किया दूसरे स्थान पर ईरान और तृतीय स्थान पर मलेशिया के खिलाड़ी रहे। सुधीर कुमार ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर इंटरनेशनल चैंपियनशिप में अपने देश का नाम रोशन किया।

# मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण परिवारों के लिए है जीवन रेखा: काजी सुहेल

असदुल्लाह सिद्दीक

**सिद्धार्थनगर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकताओं ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद के नेतृत्व में रविवार को गांधी आश्रम स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय उपवास रखकर केन्द्र सरकार से मनरेगा के मूल स्वरूप को बहाल करने की मांग की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवन रेखा है। केन्द्र सरकार द्वारा इसमें किये जा रहे बदलावों से योजना की आत्मा को कमजोर किया जा रहा है, जिससे करोड़ों ग्रामीणों का रोजगार और आजीविका संकट में पड़ गई है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को कमजोर करने की हर साजिश के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। पूर्व सांसद मोहम्मद मोकीम ने कहा कि मनरेगा महात्मा गांधी के आत्मनिर्भर भारत के सपने का जीवन्त उदाहरण है। यह योजना गरीब को सम्मान के साथ काम और रोजी देने का अधिकार देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार जानबूझकर बजट में कटौती कर और भुगतान में देरी कर इस योजना को कमजोर कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। मनरेगा कोआर्डिनेटर राजन श्रीवास्तव ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि ग्रामीण भारत के लिए सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी के दौर में मनरेगा को कमजोर करना गरीबों पर सीधा हमला है।




कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी और इसकी मूल भावना को बहाल कराने तक आन्दोलन जारी रहेगा।इस अवसर पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह, सतीश चन्द्र त्रिपाठी, गालिब बिसेन, अनिल सिंह अन्नू, सादिक अहमद, पंकज चतुवेर्दी, इश्तियाक चौधरी, अकील अहमद मुन्नू, अश्विनी सिंह सोलंकी, रियाज मनिहार, सन्तोष त्रिपाठी, मोबीन खान, मुकेश चौबे, होरी लाल श्रीवास्तव, रितेश त्रिपाठी, रियाजउद्दीन राईनी, गुल मोहम्मद, मतिऊल्लाह खान, डॉ0 प्रमोद कुमार, शौकत अली, राधे कुंवर, गुल मोहम्मद, अनिल, जुबैर खान, विज्ञानी बाबा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्याना में राष्ट्र रक्षा महायज्ञ का आयोजन



वेलकम इंडिया

**स्याना/बुलंदशहर**/स्याना में रविवार को 'हिन्दू सम्मेलन राष्ट्र रक्षा महायज्ञ' का आयोजन किया गया। नगर के आर्य समाज मंदिर में हुए इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को आचार्य डॉ. शिव कुमार शास्त्री ने संबोधित किया। इस दौरान वेद मंत्रों का उच्चारण किया गया और यज्ञ में आहुतियां डाली गईं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), आर्य समाज के सदस्यों और नगर के संभ्रांत नागरिकों ने इस आयोजन में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन काल में भारत विश्वगुरु और 'सोने की चिड़िया' था, जिसकी संस्कृति और सभ्यता सर्वश्रेष्ठ थी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि उसी गौरव को पुनः प्राप्त करने के लिए संगठित होकर कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रहित के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस 'हिन्दू सम्मेलन राष्ट्र रक्षा महायज्ञ' में सैकड़ों लोगों ने आहुति दी। सम्मेलन के संचालक सुधीर अग्रवाल ने सभी उपस्थित लोगों को राष्ट्र की रक्षा के लिए संकल्प दिलाया। इस अवसर पर नरेंद्र रस्तोगी, शिवकुमार शास्त्री, संदीप अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, विनोद मल्होत्रा, सुदेश आर्य, महेंद्र जी, सौरभ, नवीन, निशांत त्यागी, कपिल सिंघल और वैभव रस्तोगी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दीपक को मिली पीएचडी उपाधि



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। यूनिवर्सिटी ऑफ यूरोपियन ग्लोबल द्वारा दीपक पुत्र श्री ओमकार सिंह निवासी ग्राम काजमपुर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। दीपक को यह उपाधि उन्हें डिजिटल, गतिशील और इमर्सिव वातावरण में रंग विषय पर किए गए विस्तृत एवं गहन शोध कार्य के लिए सम्मान स्वरूप प्रदान की गई।दीपक इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट, मोदीनगर से बैचलर ऑफ फाइन आर्ट तथा स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, मेरठ से मास्टर ऑफ फाइन आर्ट किया हुआ है। दीपक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में कार्यरत हैं। दीपक की सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य मारने लोगों शिक्षा से जुड़े लोगों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है।

# ब्राह्मण महासभा की बैठक में समाज हित के लिए कई महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक में समाज हित के लिए कई महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की गई। बैठक में अवधेश शर्मा को महानगर अध्यक्ष बनाया गया। पंजीकृत 258 द्वारा भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय जी की 164 सी जयंती एक फार्म हाउस गाजियाबाद में आयोजित की गई ह्ल जिसमें सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी डी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में तथा सभा के राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ह्ल कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा द्वारा की गई ह्ल मंच का संचालन महामंत्री लोकेश कौशिक द्वारा किया गया ह्ल कार्यक्रम अति विशिष्ट अतिथि सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विनीत कांत पराशर, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद हितेषी ,राष्ट्रीय प्रवक्ता शिव कुमार शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राधेश्याम शर्मा, राष्ट्रीय सचिव बाबूराम शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र कौशिक आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ह्ल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा, प्रीति भारद्वाज, निर्मल उपाध्याय, प्रवीण शर्मा ,महानगर महामंत्री तरुण भारद्वाज, एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा, सुशील कुमार शर्मा श्याम सुंदर शर्मा सुनील दत्त शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में उपस्थित रहै।




# विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन सांसद ने पहलवानों का किया उत्साहवर्धन

असदुल्लाह सिद्दीकी

**धेन्सा/सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अन्तर्गत ग्राम पंचायत करौदा मसीना में ग्राम प्रधान प्रभु यादव द्वारा आयोजित विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में रविवार को बतौर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल शामिल होकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में लोकप्रिय सांसद जगदम्बिका पाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि कुश्ती जैसे पारम्परिक खेल हमारी समृद्ध, सांस्कृतिक विरासत हैं, जो युवाओं में अनुशासन, परिश्रम और आत्मबल का विकास करते हैं। विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में महिला पहलवान देवा थापा की बहन व रूबी के बीच में एक महा मुकाबला हुआ, जिसमें देवा थापा की बहन रूबी पहलवान को धोबीपकट मारकर चारों खाने चित कर दिया। सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजक मण्डल एवं वहां उपस्थित क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।



# मतदाता फार्म भरवाने का कैम्प का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। भूपेंन्द्रपुरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय लोकदल ने नए मतदाताओं को वोट से जोड़ने के लिए मतदाता फार्म भरवाने का कैम्प का आयोजन किया। कैम्प का आयोजन जिला उपाध्यक्ष विनोद गौतम ने किया। कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने किया। विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष अलोक चौधरी व नगर अध्यक्ष मनोज त्यागी रहें। विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष के साथ सुमित त्यागी, विशाल शर्मा, गोपाल चक्की वाले, सूरजमल, आकाश गौतम एडवोकेट जिला महासचिव एस सी



प्रकोष्ठ ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। जनता को सम्बोधित करते हुए रामपाल चौधरी ने कहा की अठारह साल वाले सभी वोट जरूर बनवाये। आज लगभग 130 लोगों को फार्म बांटे गए। जिसमे से 40 लोगो ने फार्म भरकर जमा कर दिए। रामपाल चौधरी उपजिलाधिकारी अजित सिंह के सन्देश का भी जिक्र करते हुए बताया कि मतदाताओं के नए पंजीकरण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। रामपाल ने कहा कि जो लोग आज फार्म से वंचित रह गए, जल्द सभी को फार्म छ उपलब्ध कराते हुए लोकदल के कार्यकर्ता फार्म भरेंगे। साथ ही संशोधन के लिए फार्म आठ भी उपलब्ध कराये। रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष ने व्यवस्थित तरीके से कैम्प आयोजित करने के लिए विनोद गौतम और उनकी टीम टीम को धन्यवाद किया। इस मोके पर ब्रह्मपाल सिंह ब्रह्म सिंह, रामकुमार, जयपाल सिंह गौतम, योगेश शर्मा, पियूष नागर, राजेंद्र कुमार, गीता देवी, सागर आदि सैंकड़ो लोग उपस्थित रहें।

## बच्चे के साथ कुकर्म करने के प्रयास, आरोपी हिरासत में

वेलकम इंडिया

मोदीनगर। गोविंदपुरी के सारा रोड स्थित मानवतापुरी कालोनी निवासी एक नौ वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म करने के प्रयास का मामला सामने आया हैं। बच्चे के शोर मचाने पर जुटी भीड़ ने आरोपी को दबोच लिया और उसकी धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। कालोनीवासी का नौ वर्षीय बेटा घर के बाहर जब बैठा था। उसी दौरान पड़ोस में एक मकान में निर्माण कार्य में लगा श्रमिक बच्चे को लालच देकर बहला फुसलाकर निमार्णाधीन मकान के कमरे में ले गया और उसके साथ कुकर्म जैसी शर्मनाक घटना को करने का प्रयास करने लगा। इस बीच बच्चे का शोर सुनकर भीड़ जुटी गई और युवक को भागते हुए दबोच लिया और हिंदू युवा वाहिनी की टीम ने आकर उसकी जमकर धुनाई कर दी। इस बीच सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी।पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही हैं।

# जिला कांग्रेस कमेटी लखीमपुर खीरी का अम्बेडकर पार्क, में एक दिन का उपवास व प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन

वेलकम इण्डिया

**लखीमपुर खीरी**, 11 जनवरी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रान्तीय आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी लखीमपुर खीरी ने श्री प्रह्लाद पटेल जिलाध्यक्ष की अगुवाई में एक दिवसीय उपवास व प्रतीकात्मक विरोध अम्बेडकर पार्क में आयोजित किया। जिस में श्रीमती शिप्रा अवस्थी मनरेगा कोआर्डिनेटर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। प्रातःकाल से ही तमाम कांग्रेसी अम्बेडकर पार्क में इक्ट्ठा होने लगे। सर्व प्रथम डा०भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही पूर्व प्रधान मन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर समस्त कांग्रेस जनो ने पुष्प अर्पित किए, और वहीं पर अम्बेडकर पार्क में ही आसन लगाकर, एक दिन का उपवास रखकर, प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उक्त विरोध प्रदर्शन प्रातःकाल 11 बजे से शाम 4 बजे तक चला। इस दौरान तमाम वक्ताओं ने प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शित करते हुए- धरने को संबोधित भी किया। इस एक दिवसीय उपवास व प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन में सैकड़ो कांग्रेस जन अन्त तक उपस्थित रहे।



# हक के लिए एकजुट हों किसान : राकेश टिकैत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि अपना हक लेने के लिए किसानों को आंदोलन करना पड़ेगा। यह तभी संभव है, जब किसान एकजुट होगा। किसान की सहमति के बिना किसी में ताकत नहीं कि वह उनकी जमीन को उनसे ले ले। उन्होंने कहा कि किसान को इसलिए कमजोर समझा जा रहा है क्योंकि उसने आंदोलन करना छोड़ दिया। आरोप लगाया कि बिल्डरों के लिए प्रशासन किसानों की जमीन हड़पने का काम कर रहा है। किसानों की तरफदारी कोई नहीं करता। एक महीने का समय अधिकारियों के पास है। यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती तो किसान अपने खेतों की जुताई करें। किसानों के बीच जीडीए, प्रशासन और पुलिस अधिकारी पहुंचे। इस मौके पर टीकम नागर, सतीश त्यागी, मोहित त्यागी, अनुज चौधरी, गुड्डू, भूरा नागर, प्रमोद डबास, गजेंद्र फौजी, आनंद चौधरी, आदि लोग मौजूद रहे। जीडीए सचिव विवेक कुमार मिश्र ने बताया कि किसानों से लगातार जीडीए की वार्ता चल रही है। जो मांगे हैं, उन पर मंथन चल रहा है। समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास चल रहा है।

# कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर सेन्ट्रल नोएडा जोन में पुलिस-आरडब्ल्यूए/एओए गोष्ठी आयोजित

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर



पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सेन्ट्रल नोएडा जोन में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आयोजित हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने की। इस अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा संतोष कुमार, एसीपी-2 सेन्ट्रल नोएडा श्रीमती दीक्षा सिंह, एसीपी-3 सेन्ट्रल नोएडा राजीव कुमार गुप्ता सहित संबंधित थाना प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी में सेन्ट्रल नोएडा जोन के अंतर्गत विभिन्न आरडब्ल्यूए एवं एओए के अध्यक्ष व सदस्यगण शामिल हुए। बैठक के दौरान पुलिस उपायुक्त द्वारा सोसाइटी एवं सेक्टरों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने निर्देशित किया कि सभी सोसाइटी में सीसीटीवी कैमरों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी जाए। इसके साथ ही रात्रि गश्त, विजिटर एंट्री रजिस्टर, आईडी कार्ड की जांच तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया पर विशेष जोर दिया जाए।

गोष्ठी के अंत में पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने, सुरक्षा संबंधी सूचनाओं को साझा करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बेसहारा गोवंश को बचाने में कैंटर भिड़े



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भोजपुर थाना क्षेत्र स्थित गांव चुड़ियाला के समीप रविवार दोपहर एक बेसहारा गोवंश को बचाने के चक्कर में दो कैंटरों की भिड़ंत हो गई। हाइवे में दोनों कैंटर क्षतिग्रस्त हो गए और उनके चालक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। एक कैंटर चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जनपद अलीगढ़ के रहने वाले वकील अहमद चालक हैं। बताया कि वकील अहमद रविवार दोपहर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे होते हुए मेरठ की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह चुड़ियाला क्षेत्र में पहुंचे तभी सामने एक बेसहारा गोवंश आ गया। गोवंश को बचाने के लिए वकील अहमद ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके कारण पीछे से आ रहा एक अन्य कैंटर वकील के कैंटर से टकरा गया। मौके पर चीख पुकार मच गया। पीछे वाली कैंटर चालक अनूप सिंह निवासी झांसी केबिन में फंस गए। घटनास्थल पर पहुंची एक्सप्रेसवे की पेट्रोलिंग टीम ने घायल अनूप सिंह को केबिन से निकाला और दोनों चालकों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर जाम की स्थिति बन गई। पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को एक्सप्रेसवे से हटाकर यातायात सामान्य कराया। कार्यवाहक एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# टीएचए के कई इलाकों में पांच से आठ घंटे रही बिजली गुल

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** टीएचए के इलाकों में बिजली कटौती का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को पांच से आठ घंटे की अघोषित बिजली कटौती हुई। वहीं कई इलाकों में बिजली ट्रिपिंग ने भी लोगों को परेशान किया है। लोगों का आरोप है कि आए दिन इलाके में बिजली कटौती समस्या बनी रहती है। अधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। तुलसी निकेतन राम किशन बताया कि कॉलोनी में सात से आठ घरों में रात दो बजे से बिजली गुल रही। बिजली नहीं होने की वजह से लोगों को सुबह में पानी भरने के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकारियों को शिकायत करने पर भी घंटों बाद बिजली आपूर्ति सामान्य हुई। वहीं इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में बिजली ट्रिपिंग और बार-बार घंटों की बिजली कटौती से लोग परेशान रहे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कॉलोनी में आए दिन समस्या बनी रहती है। अगर अधिकारी को फोन करके शिकायत करते हैं। तो दस मिनट का फॉल्ट होने का हवाला देकर फोन काट देते हैं। वहीं डीएलएफ कॉलोनी निवासी मनोज कुमार ने बताया कि सुबह छह से करीब आठ बजे तक और दोपहर 12 बजे से करीब दो बजे तक फिर चार से छह बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इसकी वजह से लोगों को छुट्टी के दिन भी आराम नहीं मिल सका। वहीं शहीद नगर में ट्रिपिंग की वजह से करीब तीन घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। वहीं ऊर्जा निगम जोन तीन के मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि सभी जगहों पर बिजली आपूर्ति सामान्य तौर पर दी जा रही।

# सांस और बुखार से परेशान आरोग्य मेले में पहुंचे अधिकांश मरीज

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जिले में आयोजित आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचे। 66 स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित लगे इन मेलों में कुल 3476 मरीजों ने पंजीकरण कराया। ठंड के मौसम के कारण बुखार, खांसी, सांस लेने में परेशानी और गले के संक्रमण से संबंधित मरीजों की संख्या सबसे अधिक रही। कुल मरीजों में से लगभग 65 प्रतिशत लोग इन्हीं समस्याओं से पीड़ित थे। नोडल अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि मेले का उद्देश्य आम लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। रविवार को पहुंचे मरीजों में से 76 की स्थिति गंभीर पाई गई, जिन्हें भर्ती कर उपचार दिया गया। सभी मरीजों को डे केयर सुविधा में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। इसके साथ ही 453 महिलाओं और 589 बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया। 30 लोगों को एंटी रेबीज का टीका भी लगाया गया। नोडल अधिकारी ने बताया कि 498 मरीजों को खून की जांच, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे और सीटी स्कैन के लिए उच्च केंद्रों कि लिए रेफर किया गया। गले में दर्द, खराश, सांस की समस्या और पेट दर्द के मामलों में विशेष रूप से चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। सभी पीएचसी पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया और कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच भी की। मुरादनगर क्षेत्र से आए 58 वर्षीय रामकिशन पिछले तीन दिनों से तेज खांसी और सांस फूलने की समस्या से परेशान थे। आरोग्य मेले में जांच के दौरान उनकी ऑक्सीजन मात्रा कम पाई गई। चिकित्सकों ने उन्हें तुरंत भर्ती कर नेबुलाइजेशन और दवाइयों से उपचार शुरू किया। कुछ घंटों में उनकी हालत में सुधार आया और शाम तक उन्हें जरूरी दवाओं के साथ घर भेज दिया गया। रामकिशन ने बताया कि समय पर इलाज मिलने से उन्हें काफी राहत मिली।

# मुनाफे के लालच में बुजुर्ग और महिला ने गंवा दिए 26.57 लाख

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोटे मुनाफे के चक्कर में नंदग्राम की महिला और वैशाली के बुजुर्ग ने 26.57 लाख रुपये गंवा दिए। इस मामले में दोनों ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों के खाते में जमा रकम को फ्रीज कराने की कार्रवाई कर रही है। वैशाली के मनोज कुमार ने बताया कि वह सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। शेयर बाजार में उनकी पहले से रुचि है। उन्होंने कई कंपनियों में पहले भी निवेश किया है। हाल ही में उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक में डीमैट अकाउंट खुलवाया हुआ था। इसी बीच उनके पास किसी अज्ञात नंबर से मैसेज आया। उनको कई ग्रुपों में जोड़ दिया। उन्होंने इसको असली समझा। ग्रुपों में चल रही वार्ता पर भरोसा करके उन्होंने 14 नवंबर 2025 से तीन दिसंबर 2025 के बीच अलग-अलग खातों में 9.20 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जो एप उनको डाउनलोड कराया गया, उसमें रकम बढ़ी हुई भी दिख रही थी, लेकिन चाहने पर भी वह उसको नहीं निकाल पा रहे थे। आरोपी उनसे और पैसा भेजने को कह रहे थे, लेकिन तब तक वह ठगी को भांप चुके थे। इसके बाद आरोपियों ने उनसे संपर्क तोड़ दिया।

**टास्क पूरा करने के चक्कर में गंवा दिए 17.37 लाख :** स्टार रामेश्वरम सोसायटी में टास्क पूरा करके कमाई होने का लालच देकर महिला को शातिरों ने 17.37 लाख की चपत लगा दी। सोसायटी निवासी प्रीति शर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर 2025 को उनके वाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने दावा किया कि वह ऑनलाइन टास्क पूरा करने पर कमाई कराते हैं।

# वाहनों का दबाव बढ़ने से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर लगा जाम



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** दिल्ली-मेरठ पर वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण रविवार को भीषण जाम लग गया। जाम में हजारों वाहनों के पहिये ठहर गए। जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिनटों का सफर तय करने के लिए घंटों का समय गंवाना पड़ा। हापुड़ मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग पर आरओबी निर्माण कार्य चल रहा है। इसके कारण वहां आए दिन यातायात बाधित रहता है। कुछ ही देर में वाहनों की कतार दिल्ली-मेरठ मार्ग तक पहुंच जाती है। इससे मुख्य मार्ग पर भी जाम लग जाता है। रविवार को मुख्य मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ा तो भीषण जाम लग गया। वाहनों की कतार राज चौपले से लेकर कपड़ा मिल तक पहुंच गई। अंबर सिनेमा कट पर यू-टर्न के लिए जगह नहीं मिलने के कारण मेरठ जाने वाली साइड में भी जाम लग गया। दोनों तरफ घंटो तक वाहन रेंगते रहे। कार्यवाहक एसीपी मोदीनगर ने बताया कि यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी तैनात थे।

# मौसम ने बदली करवट...शीतलहर-कोहरे का ऑरेंज अलर्ट, स्कूलों में छुट्टी बढ़ी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। रविवार को दिन में धूप निकलने के बावजूद शीतलहर परीक्षा लेती रही। अगले कुछ दिन तक शीतलहर और कोहरा जनजीवन के लिए चुनौती बना रहेगा। मौसम विभाग ने जिले के लिए आज कोहरे और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके बाद दो दिन तक कोहरे का येलो अलर्ट रहेगा। शीतलहर भी चलती रहेगी। चेतावनी के मुताबिक, इस दौरान घने कोहरे के साथ सर्द हवाएं चलने और गलन बढ़ने की संभावना है। इससे खासकर सुबह और रात में परेशानी अधिक रहेगी। मौसम में बदलाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूलों में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक 15 जनवरी तक छुट्टी कर दी है। साथ ही कक्षा छह से 12वीं तक के समय में बदलाव कर किया गया है। अगले आदेश तक ये विद्यालय सवेरे 10 बजे खुलेंगे और बंद होने का समय तीन बजे रहेगा। मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए चिकित्सकों ने भी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को गर्म कपड़ों से अच्छी तरह ढककर रखने और शीतलहर से बचने के लिए कहा है। रविवार को गाजियाबाद प्रदेश का चौथा सबसे ठंडा जिला रहा। जिले का न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मेरठ 4.1 डिग्री के साथ पहले, नोएडा 4.4 डिग्री के साथ दूसरे और बहराइच 4.6 डिग्री के साथ तीसरे स्थान पर रहा। गाजियाबाद में अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री रहा। आर्द्रता 90 फीसदी और हवा 12 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली। इस दौरान चटख धूप निकली, जिसने कुछ राहत दी, लेकिन शीतलहर भी चलती रही।

# नोएडा के थाना इकोटेक-3 पुलिस की 25 हजार के इनामी बदमाश से मुठभेड़

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** थाना इकोटेक-3 पुलिस की 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश से शुक्रवार देर रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बदमाश पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध तमंचा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 11 जनवरी 2026 को थाना इकोटेक-3 पुलिस लोकल इंटेलिजेंस की सूचना पर यामाहा कट के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर वह नहीं रुका और तेज गति से भागने लगा। पीछा करने पर उसकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान दानिश पुत्र नवाब, उम्र लगभग 31 वर्ष, निवासी मोहल्ला रंगमहल, कस्बा शिकारपुर, थाना शिकारपुर, जनपद बुलंदशहर (वर्तमान पता ग्राम एम्नाबाद, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर) के रूप में हुई है। पुलिस ने बदमाश के पास से एक चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या वढ813उव1657) तथा एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में थाना बिसरख पर पहले से मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने बताया कि घायल बदमाश गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह चोरी की नीयत से बंद घरों और फैक्ट्रियों की रैकी कर रहा था तथा पहले भी कई चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है अभियुक्त का आपराधिक इतिहास अभियुक्त दानिश के विरुद्ध गौतमबुद्धनगर में चोरी, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 8 मुकदमे दर्ज हैं।

